# A. K. SPINTEX LIMITED

Regd. Office : 14th K.M. Stone, Chittorgarh Road,
Village : Biliya Kalan, BHILWARA - 311 001 (Raj.)
CIN No. L17117RJ1994PLC008916
Mobile : +91 98870 49006
E-mail : akspintex@gmail.com
web. : www.akspintex.com


**Sep, 07,2024**

To,
The General Manager
DCS-CRD
Bombay Exchange Ltd.
Rotunda Building
P.J. Tower, Dalal Street, Fort
MUMBAI - 400001

online filling at listing.bseindia.com

**BSE SCRIP: 539300**

**Sub: Newspaper Advertisement regarding Notice of 30th Annual General Meeting ("AGM") of the company through physical mode. Book Closure and E-voting information.**

Dear Sir,

Pursuant to the provision of Section 108 of the Companies Act,2013 read with Rule 20 of the companies (management and administration) Rules, 2014 (As amended), Regulation 44 and 47 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements,) Regulation 2015 copies of the Newspaper advertisement published in Financial Express and Business Remedies on September 7, 2024 regarding Notice of 30th AGM of company scheduled to be held on Monday, Sep 30, 2024 through physical mode, Book Closure and E-voting information are enclosed herewith The same also available on website of the company at www.akspintex.com

You are requested to please take on record the above said document of the company for your reference and further needful.

Thanking You

Yours faithfully

**For: A.K. SPINTEX LIMITED**

**Ashish Kumar Bagrecha**
**Company Secretary& Compliance Officer**

## MODI NATURALS LIMITED

**Regd. Off.:** 405, Deepali Building, 92, Nehru Place, New Delhi-110019
**Corporate Off.:** D-185 /1B, 2nd Floor, Okhla Phase-I, New Delhi-110020
**Phone:** 011-41889999, **Email:** investors@modinaturals.org
**Website:** www.modinaturals.com, (**CIN:** L15142DL1974PLC007349)

**NOTICE**

1. Shareholders may note that the 50th Annual General Meeting (AGM) of Modi Naturals Limited ("the Company") will be held over Video Conference("VC")/Other Audio Visual Means ("OAVM") facility on **Monday, 30th September, 2024 at 2:30 P.M IST** in compliance with General Circular No.02/2022 and all other applicable laws and circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA), and Securities and Exchange Board of India (SEBI), to transact the business that will be set forth in the Notice of the Meeting.
2. In compliance with the above circulars, electronic copies of the Notice of the AGM along with the Annual Report for financial year 2023-24 will be sent to all the shareholders whose email addresses are registered with the Company/ Depository Participant(s).
3. Manner of registering/updating email addresses
   (i) Shareholders holding share(s) in dematerialized form, are requested to register their email address and mobile numbers with their relevant depositories through their depository participants.
   (ii) Shareholders holding shares in physical mode and who have not updated their email addresses with the Company are requested to update their email addresses by writing to Registrar and Transfer Agent of the Company at admin@skylinerta.com, or to the Company at: investors@modinaturals.org, along with the copy of the signed request letter mentioning the name, folio no., address of the Member, self-attested copy of the PAN Card and self-attested scanned copy of any document (such as Driving License, Election Identity Card, Passport, etc.) as proof of address of the Member.
4. The notice of the 50th AGM and Annual Report for financial year 2023-24 will also be made available on the Company's website at www.modinaturals.com, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited at www.bseindia.com, and on the website of CDSL https://www.evotingindia.com.
5. Shareholders will have an opportunity to cast their vote remotely on the business as set forth in the Notice of the AGM through electronic voting system. The manner of voting remotely for shareholders holding shares in dematerialized mode, physical mode and for shareholders who have not registered their email addresses will be provided in the Notice to the shareholders.
6. The 50th AGM Notice will be sent to the shareholders in accordance with the applicable laws on their registered email addresses on or before 08th September 2024.
7. Members are requested to update their email addresses by 21st September 2024.
8. After successful registration of the email address, the Members of the Company as on the cut-off date i.e. 23rd September, 2024 can write to Company or RTA to receive a soft copy of the AGM Notice along with the Annual Report and Voting instructions. In case of any queries, Members are requested to write to the RTA at: admin@skylinerta.com or to the Company at investors@modinaturals.org.
9. This Notice is being issued for the information and benefit of all the Members of the Company in compliance with the applicable Circulars of MCA and SEBI.

**For Modi Naturals Limited**
**Sd/-**
**Akshay Modi**
**Jt. Managing Director**
**DIN: 03341142**

**Place: New Delhi**
**Date: 06 September 2024**

## A.K. SPINTEX LIMITED

Regd. Office:-14 K.M. Stone, Chittor Road, Biliya-Kalan, Bhilwara-311001 (Raj.)
Ph: 9887049006, 9929139002 • Email: akspintex@gmail.com • Website: www.akspintex.com
**CIN:** L17117RJ1994PLC008916

**NOTICE OF AGM AND E-VOTING**

NOTICE is hereby given that the 30th Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held on Monday 30th September, 2024 at the Registered office of the Company at 14 K.M. Stone,Chittor Road, Biliya Kalan, Bhilwara 311001at 11:00 A.M. to transact the Businesses, as set out in the Notice of AGM;

Electronic copies of the notice of the AGM and Annual Report for the year 2023-24 have been sent to all the members whose email IDs are registered with the Company/Depository Participant(s). The same is also available on the Company's website www.akspintex.com Physical copies of the same have also been sent to all other members at their registered address in the permitted mode.

Members please note that:

Members holding shares either in physical or in dematerialized form, as on the cut-off date of September 23, 2024 may cast their vote electronically on the resolutions as set out in the notice of AGM through remote-electronic voting system on Central Depository Service Limited (CDSL) from a place other than venue of AGM ("Remote E-voting). All the members are informed that:

I. **The remote e-voting shall commence on 27th Sept., 2024 at 10:00 A.M. [IST] and shall end on 29th Sept., 2024 at 5:00 P.M. [IST]**

II. A person, who acquires shares and becomes shareholder of the Company after dispatch of the notice and holding shares as of the cut-off date can do remote e-voting by obtaining the login-id and password by sending an e-mail to akspintex@gmail.com or helpdesk.evoting@cdslindia.com by mentioning their Folio No./DP ID and client ID No. However, if such shareholder is already registered with CDSL for remote e-voting then existing user-id and password can be used for casting your vote.
   a] The remote e-voting module shall be disabled by CDSL after the aforesaid date and time for voting and once the vote on a resolution is cast by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently:
   b] The facility for voting through ballot paper shall be made available at the AGM;
   c] The members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again; and
   d] A person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to facility of remote e-voting as well as voting at the AGM through ballot paper;

III. For detailed instructions pertaining to e-voting, members may please refer to the section "NOTES" in notice of the AGM. In case of queries or grievances pertaining to e-voting procedure, shareholders may refer the FAQs for shareholders and e-voting user manual for shareholders available at the download section of www.evotingindia.com or may contact:

| Particulars | Central Depository Services (India) Ltd. | A.K. SPINTEX LIMITED |
|---|---|---|
| Address | 17th Floor, P.J. Towers, Dalal Street, Fort, Mumbai 400001 | 14 K.M. Stone, Chittor Road, Biliya Kalan, Bhilwara-311001 (Raj.) |
| Name & Designation | Bhawendra Jha, Dy. Manager | Ashish Kumar Bagrecha CS & Compliance Officer |
| Tel. | 022-22723333 | 01482-249002 |
| E-mail id | **helpdesk.evoting@cdslindia.com** | **akspintex@gmail.com** |

Place: Bhilwara
Date: 06[th] Sept., 2024

For A.K. SPINTEX LIMITED
Ashish Kumar Bagrecha (Company Secretary & Compliance Officer)

## ESPIRE HOSPITALITY LIMITED

**Regd Off: Shop No # 1,Country Inn,Mehragoan,Uttarakhand-248179**
**Corp Off:A-41, Mohan Co-operative Industraial Estate, New Delhi-44**
**CIN:L45202UR1991PLC000604,( E):cs@espirehospitality.com**
**(T): 011-71546500 ,(W):www.espirehospitaliy.com**

**NOTICE OF 33[rd] ANNUAL GENERAL MEETING**
**REMOTE E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE**

**Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) ,Regulations, 2015, Notice is given that:**

1. The 33[rd] Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held at Country Inn Nature Resorts, Mehragaon ,Bhimtal, Uttarakahnd- 248179 on Saturday 28[th] September, 2024 at 10:30 AM to transact the Ordinary/Special Business ,as set out in the Notice of AGM.
2. Electronic copies of the notice of AGM and Annual Report for 2023-24 have been sent to all the members whose email id's are registered with the company/ depository participants .The same is also available on the comapany's website: www.wellesleycorp.com & on NSDL website http://www.evoting.nsdl.com .Phycial Copies of the Notice of AGM and Annual Report for 2023-24 have been sent to all other members at their registered address in the permitted mode.The dispatch of Notice of AGM has been completed on 06[th] September,2024.
3. Members holding shares either in physical form or in dematerlialized form ,as on cut-off date of 30[th] Aug,24 may cast their vote electronically on the Ordinary and Special Business as set out in the Notice of AGM through electronic voting system of National Securities Depository Limited (NSDL) from a place other than venue of AGM (remote e-voting).All the members are informed that remote evoting shall commence from 09:00 hours of 25[th] September,2024 and shall end on 17:00 hours on 27[th] September,2024 after this period the event will be no longer available for casting votes by "E-Voting "mechanism.

## Ansal Properties and Infrastructure Limited

**Corporate Identity Number:** L45101DL1967PLC004759
**Regd. Office:** 115, Ansal Bhawan, 16, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi-110001
**Mobile:** 91-9871053419,**Tel.:**011-23353550, 011-66038308
**Website:** www.ansalapi.com;**Email:**shareholderservice@ansalapi.com

**NOTICE OF THE 57[TH] ANNUAL GENERAL MEETING (AGM) THROUGH VIDEO CONFERENCING / OTHER AUDIO-VISUAL MEANS, BOOK CLOSURE AND E-VOTING INFORMATION**

**A. 57[th] Annual General Meeting (AGM)**

Notice is hereby given that the 57[th] Annual General Meeting (AGM) of the Members (Shareholders) of Ansal Properties and Infrastructure Limited will be held on Saturday, the 28th September, 2024 at 12.30 P.M. (IST) through Video Conferencing (VC)/ Other Audio Visual Means (OAVM).

In accordance to the Securities and Exchange Board of India's (SEBI) circulars and the General Circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs and pursuant to the provisions of the Companies Act, 2013 (the "Act") and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended ("Listing Regulations"), the AGM of the Company shall be held through VC / OAVM and the Notice convening the 57[th] AGM along with the Annual Report for the Financial year 2023-24 have been sent on the



जयपुर ▪ दिल्ली से प्रकाशित

# बिज़नेस रेमेडीज

वर्ष : 11 | अंक : 235 भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

व्यापार एवं विकास की आवाज

मूल्य : 3 रुपए | पेज : 8 दैनिक www.businessremedies.com

जयपुर। शनिवार 7 सितम्बर, 2024




## निवेश योग्य बाजारों के सूचकांक में चीन को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंचा भारत

**बिजनेस रेमेडीज/ मुंबई (आईएएनएस)।**
भारत ने एमएससीआई द्वारा उभरते बाजारों के लिए जारी निवेश योग्य बाजार सूचकांक में चीन को पछाड़ कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश ओवरऑल सूचकांक में भी चीन को पीछे छोड़ सकता है। एमएससीआई एक अमेरिकी वित्तीय कंपनी है जो यह सूचकांक जारी करती है। उभरते बाजारों की श्रेणी में 24 देशों को शामिल किया गया है और 3,355 बड़ी, मझौली तथा छोटी कंपनियों के आंकड़ों के आधार पर सूचकांक तैयार किया गया है। ये कंपनियां सभी 24 देशों में कुल फ्री फ्लोट-एडजस्टेड बाजार पूंजीकरण के लगभग 99 प्रतिशत को कवर करती हैं। वैश्विक ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने एक नोट में कहा कि सूचकांक भार में वृद्धि ज्यादा उत्साह का संकेत हो सकता है या 'फ्री-फ्लोट में सुधार और भारतीय कंपनियों की बढ़ती सापेक्ष आय जैसे मूलभूत कारकों के कारण हो सकती हैं'। ब्रोकरेज ने कहा, 'भारत के मामले में बुनियादी कारक निश्चित रूप से लागू होते हैं और इस हद तक, उभरते बाजार क्षेत्र में भारत की नई स्थिति चिंताजनक नहीं है।' साथ ही उसने कहा कि उभरते बाजार क्षेत्र में भारत उसकी शीर्ष प्राथमिकता बना हुआ है और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में दूसरी पसंद है।नोट के अनुसार, बाजार में गिरावट के लिए कई संभावित ट्रिगर हैं, लेकिन वे भारतीय इक्विटी में तेजी पर ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। सूचकांक में भारत के प्रदर्शन के चरम पर पहुंचने से पहले कुछ और दूरी तय करनी पड़ सकती है। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन लगातार अच्छा बना हुआ है और वृहद आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।

# सेंसेक्स 1,017 अंक लुढ़का

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई। (आईएएनएस)।**
भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को बड़ी गिरावट हुई। बाजार में मंदी की वजह अमेरिका में शुक्रवार रात आने वाली यूएस जॉब रिपोर्ट को माना जा रहा है। इस डेटा को ब्याज दर कटौती के लिए अहम आधार माना जाता है।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,017 अंक या 1.24 प्रतिशत गिरकर 81,183 और निफ्टी 292 अंक या 1.17 प्रतिशत गिरकर 24,852 पर था। भारी गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप 5.3 लाख करोड़ रुपये कम होकर 460.04 लाख करोड़ रुपये रह गया है, जो कि गुरुवार को 465 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का




था। सेंसेक्स पैक में एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, एचसीएल टेक, रिलायंस, टाटा मोटर्स, आईटीसी, एक्सिस बैंक, इंफोसिस, एलएंडटी, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट और विप्रो टॉप लूजर्स थे। बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचयूएल टॉप गेनर्स थे।

बाजार में सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इंफ्रा, रियल्टी और एफएमसीजी इंडेक्स में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 946 अंक या 1.59 प्रतिशत गिरकर 58,501 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 244 अंक या 1.25 प्रतिशत फिसलकर 19,275 पर बंद हुआ। बाजार में उतार-चढ़ाव दर्शाने वाले इंडिया विक्स 7 प्रतिशत बढ़कर 15.21 पर बंद हुआ। स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च प्रमुख संतोष मीना ने कहा कि उच्च स्तरों से बाजार में गिरावट देखने को मिली है। इसकी बड़ी वजह अमेरिका में शुक्रवार की रात आने वाले यूएस जॉब डेटा है। अगर यह कमजोर आता है तो विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में मंदी की संभावनाएं बढ़ जाएगी। वहीं, एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट में भारत का वेटेज चीन से अधिक हो गया है। इससे भारतीय बाजार का वैल्यूएशन अधिक होने के कारण अलोकेशन वेटेज कम होने का खतरा बढ़ गया है।

## राजमार्ग मंत्रालय ने सुरंग परियोजनाओं की तकनीकी समीक्षा के लिए बनाई विशेषज्ञ समिति

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।**
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रस्तावित सुरंग परियोजनाओं की तकनीकी समीक्षा के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है।
मंत्रालय की तरफ से जारी एक सूचना के मुताबिक, इस समिति में ओएनजीसी, आरवीएनएल और टीएचआईडीसीएल के विशेषज्ञ शामिल हैं, जो 1.5 किलोमीटर से अधिक लंबाई वाली सुरंग परियोजनाओं के मूल्यांकन में विशेषज्ञ परामर्श देंगे।
राष्ट्रीय राजमार्गों पर लंबी सुरंग परियोजनाओं के प्रस्तावों को तकनीकी समीक्षा के लिए महानिदेशक (सड़क विकास) के समक्ष पेश किया जाना है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति (पीपीपीएसी) और स्थायी वित्त समिति (एसएफसी) के मूल्यांकन के लिए प्रस्ताव रखे जाने से पहले सलाहकार समिति से विशेषज्ञ सलाह लेनी होगी।
राज्यों, एनएचएआई और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम समेत अन्य को भेजे गए एक पत्र में मंत्रालय ने कहा कि प्रस्ताव में भू-वैज्ञानिक अध्ययन, मार्ग-निर्धारण रिपोर्ट, सुरंगों के डिजाइन, परिचालन के दौरान सुरक्षा उपायों के साथ लागत अनुमानों का विवरण भी शामिल होना चाहिए।
मंत्रालय ने कहा, ''सुरंग निर्माण के दौरान हाल ही में हुई दुर्घटनाओं

# भारत 2025-26 में कार्बन फाइबर का उत्पादन करेगा: कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।**
केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने भरोसा जताया कि भारत में 2025-26 में कार्बन फाइबर का उत्पादन शुरू हो जाएगा। कार्बन फाइबर का उपयोग अंतरिक्ष, सिविल इंजीनियरिंग और रक्षा क्षेत्र में धातु के विकल्प के रूप में किया जाता है।

वर्तमान में, भारत कोई कार्बन फाइबर का उत्पादन नहीं करता है और पूरी तरह से अमेरिका, फ्रांस, जापान और जर्मनी जैसे देशों से आयात पर निर्भर है।

यूरोपीय संघ द्वारा प्रस्तावित कार्बन सीमा समायोजन तंत्र कार्बन आयात पर अंतर्निहित कर है जिसके 2026 से लागू होने की उम्मीद है।

सिंह ने कहा, 'आने वाले दिन प्रत्येक क्षेत्र में तकनीकी कपड़े के हैं... मुझे पूरा विश्वास है कि 2025-26 में आला कार्बन



फाइबर उत्पाद भी भारत के पास होगा।' मंत्री ने जोर देकर कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद से स्वच्छता क्षेत्र में 'आयात को संतुलित' किया गया है। सिंह ने कहा, ''पहले हम डायपर आयात करते थे। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद, जिसने उद्योग में उत्साह पैदा किया है।''

इससे पहले उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित तकनीकी वस्त्र कार्य म को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार भारत के तकनीकी वस्त्र उद्योग के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित है और इसके लिए उसने राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन, एमएमएफ फैब्रिक, एमएमएफ परिधान और तकनीकी वस्त्रों के लिए पीएलआई योजना आदि जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं।

## त्योहारों से पहले टियर-2 और 3 शहरों में बढ़ी सीजनल नौकरियां

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली(आईएएनएस)।**
भारत में त्योहारी सीजन से पहले टियर-2 और टियर-3 शहरों में सीजनल नौकरियों में इजाफा देखने को मिल रहा है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। ग्लोबल हाइरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया कि सीजनल नौकरियों में पिछले साल की तुलना में इस साल 20 प्रतिशत की बढ़त होने का अनुमान है।महानगरों जैसे मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली और कोलकाता में पिछले साल के मुकाबले सीजनल नौकरियों की मांग में 18 से 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

वहीं, टियर-2 और टियर-3 शहरों जैसे नागपुर, जयपुर, बड़ौदा, कोच्चि, वाइजैग, मदुरै, लखनऊ, गुरुग्राम, चंडीगढ़, इंदौर, कोयंबटूर, सूरत, भुवनेश्वर और भोपाल में सीजनल नौकरियों में 22 से 25 प्रतिशत या उससे अधिक का इजाफा देखने को मिल रहा है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स और क्विक कॉमर्स इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है। इसकी वजह मौजूदा ग्राहकों की ओर से आने वाली मांग है। भविष्य में भारत का जॉब मार्केट इस दिशा में ही आगे बढ़ेगा। टियर-2 और 3 शहरों में ग्राहकों द्वारा किए जाने वाले खर्च में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसकी वजह आर्थिक परिस्थितियों का अच्छा होना और खर्च योग्य आय में बढ़ोतरी होना है।रिपोर्ट में आगे कहा गया कि इंटरनेट के ज्यादा लोगों तक पहुंचने के कारण ई-कॉमर्स, रिटेल और लॉजिस्टिक जैसे सेक्टरों में सीजनल नौकरियां तेजी से बढ़ रही हैं। सीजनल नौकरियों में डिलीवरी एग्जिक्यूटिव, वेयरहाउस कर्मचारी, लॉजिस्टिक कॉडिनेटर, इन-स्टोर सेल्स एग्जिक्यूटिव और कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव की मांग बढ़ रही है।रिपोर्ट में बताया गया कि 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ई-कॉमर्स इसका नेतृत्व कर रहा है।

## वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद ने की घरेलू आर्थिक गतिविधियों की समीक्षा

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्ति कान्त दास की अध्यक्षता वाली वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की उप समिति ने वैश्विक और घरेलू वृहद आर्थिक और वित्तीय गतिविधियों की समीक्षा की। आरबीआई ने एफएसडीसी उप समिति की 31वीं बैठक के बाद बयान में कहा कि इसमें देश के वित्तीय क्षेत्र में अंतर-नियामक समन्वय से संबंधित मुद्दों की भी समीक्षा की गई। इसमें कहा गया है, ''सदस्यों ने वित्तीय स्थिरता के लिए संभावित जोखिमों के बारे में अपने आकलन साझा किए और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिनका वित्तीय स्थिरता पर प्रभाव पड़ सकता है।'' उप समिति ने अपने दायरे में आने वाले विभिन्न तकनीकी समूहों की गतिविधियों और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में राज्य स्तरीय समन्वय समितियों (एसएलसीसी) के कामकाज की भी समीक्षा की।

# गणेश चतुर्थी पर वाहन बाजार हुआ गुलजार

### जयपुर में बड़ी संख्या में होगी चार पहिया वाहनों की खरीदारी



**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** गणेश चतुर्थी पर वाहन कारोबार 150 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। कार व बाइक डीलरों के अनुसार जयपुर में करीब 1500 कारें और 8 हजार से अधिक दोपहिया वाहन बिक्री का अनुमान है। ऑटो मोबाइल शोरूमों पर गणेश चतुर्थी की रौनक देखने को मिल रही है। ऑटोमोबाइल डीलर्स द्वारा गणेश चतुर्थी पर आकर्षक छूट दी जा रही है।

**बड़ी संख्या में वाहनों की एडवांस बुकिंग :** ऑटोमोबाइल डीलर्स के संगठन फाडा के साई गिरधर ने बताया कि गणेश चतुर्थी के अवसर पर पिछले कुछ दिनों से वाहनों की डिमांड बढ़ी है। आने वाले त्यौहारी सीजन में वाहनों की बिक्री में बूम आएगा। इसी के साथ ईवी की मांग भी बाजार में धीरे-धीरे बढ़ रही है।

पुष्पा होंडा, मानसरोवर के जनरल मैनेजर, विष्णु तिवाड़ी ने बताया, इस बार गणेश चतुर्थी पर वाहनों की बिक्री काफी अच्छी रही। हमारे शोरूम पर ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। करीब पांच हजार रुपए तक की छूट सभी दोपहिया वाहनों पर दी जा रही है।

**ईवी और सीएनजी मॉडल का रुझान बढ़ा:** ऑटोमोबाइल डीलर्स के अनुसार पेट्रोल-डीजल की कीमत में भारी वृद्धि के बाद अब लोगों का ईवी और सीएनजी मॉडल की तरफ रुझान बढ़ा हैं। ईवी और सीएनजी वाहनों पर तकरीबन दो माह की वेटिंग चल रही है।

### दोपहिया वाहन भी बड़ी संख्या में बिकेंगे



गणेश चतुर्थी से नवरात्र तक का महीना वाहन बाजार के लिए काफी अच्छा है। अभी डीलर्स के पास स्टॉक्स काफी हैं। इस कारण ग्राहकों को इस महीने काफी अच्छा डिस्काउंट मिलने की उम्मीद है एवं आगे आने वाले त्यौहारी सीजन में भी डिमांड बनी रहेगी।

**-शार्विक शाह, चेयरपर्सन, फाड़ा राजस्थान, डायरेक्टर, राजेश मोटर्स, जयपुर**



इस बार अच्छा माहौल है। बड़ी संख्या में दोपहिया वाहनों की बुकिंग हुई है। ग्राहकों के लिए पांच हजार रुपए तक के आकर्षक छूट व उपहार दिए जा रहे हैं। इस बार होंडा ने काफी अच्छे ऑफर दिये है।

**- आयुष अग्रवाल, डायरेक्टर, पुष्पा होंडा, मानसरोवर, जयपुर**



BUSINESS
न्यूज ब्रीफ

## डीपीएस उदयपुर में तीन दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन सम्मेलन का शुभारंभ



**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर में छात्रों द्वारा तीन दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन सम्मेलन का आज से विद्यालय प्रांगण में शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विषय के पूर्व प्रोफेसर संजय लोढ़ा थे। इस आयोजन में सामाजिक विज्ञान के समस्त शिक्षकों के मार्गदर्शन में कक्षा नवीं से बारहवीं तक उदयपुर शहर के 10 विद्यालयों के लगभग 300 विद्यार्थियों एवं 50 शिक्षकों ने भाग लेकर विश्व के विभिन्न देशों के प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित हुए। सम्मेलन का शुभारंभ स्थानीय विद्यालय के बच्चों के द्वारा विभिन्न मनमोहक नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुति के साथ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य संजय नरवरिया ने बताया कि मॉडल संयुक्त राष्ट्र जिसे एमयूएन के नाम से भी जाना जाता है। यह एक शैक्षिक सम्मेलन है, जिसमें छात्र विभिन्न राष्ट्रों की कूटनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और संयुक्त राष्ट्र के बारे में अवगत होते हैं। इस सम्मेलन में डीपीएस एवं शहर अन्य विद्यालय के छात्रों ने एशिया पैसिफिक, यूरोप, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, मिडिल ईस्ट आदि रीजन के अनेक देशों के प्रतिनिधिमंडल के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ की जनरल असेंबली, सिक्योरिटी काउंसिल, यूएन वूमेन, यूनिसेफ, इंटरनेशनल प्रेस के प्रतिनिधि के रूप में अपने-अपने विचार व्यक्त करेंगे।

# 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर्स मीट की शुरुआत दक्षिण कोरिया और जापान से

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा दक्षिण कोरिया और जापान में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व व वैश्विक कंपनियों को राज्य में निवेश के लिए करेंगे आमंत्रित

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** आगामी 9 से 11 दिसंबर को आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की तैयारियों के मद्देनजर, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल 9 से 14 सितंबर के बीच अंतरराष्ट्रीय निवेशकों से मिलने के लिए दक्षिण कोरिया और जापान का दौरा करेगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल दोनों देशों के व्यापार जगत के अधिकारियों से मुलाकात करेगा और उन्हें राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने के लिए आमंत्रित करेगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल जापान की राजधानी में 'नीमराना दिवस' समारोह में भी भाग लेगा। नीमराणा राजस्थान के अलवर जिले में एक जापानी औद्योगिक क्षेत्र है, जिसमें कई जापानी कंपनियां काम करती हैं। दक्षिण कोरिया और जापान के इस दौरे में, माननीय मुख्यमंत्री इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टील, ऑटोमोटिव, अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, भारी उद्योग और शिक्षा क्षेत्र के कई कंपनियों के अधिकारियों से भी मिलेंगे और उन्हें राजस्थान में निवेश करने के लिए आमंत्रित करेंगे।

प्रदेश में निवेश हेतु वैश्विक कंपनियों को आमंत्रित करने के लिए जा रहे इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा, अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, उद्योग और वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा और रीको और बीआईपी के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हैं। राजस्थान सरकार का यह उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल पॉस्को इंटरनेशनल, डाइकिन, हिताची, बेल्टेक्नो, सैमसंग हेल्थकेयर, हनवा सॉल्यूशन जैसी कई जापानी और कोरियाई फर्मों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा।

RISING RAJASTHAN
9-10-11 DEC 2024 • JAIPUR

जापान और दक्षिण कोरिया में इन्वेस्टर्स मीट के दौरान राजस्थान में निवेश के लिए मुख्य फोकस क्षेत्र इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, शिक्षा, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम और डिजाइन मैन्यूफैक्चरिंग, स्टोन्स आदि होंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल अपनी जापान यात्रा के दौरान प्रवासी राजस्थानियों (एनआरआर) के एक समूह से भी मिलेगा और सामुदायिक कार्यक्रमों में भी भाग लेगा। इसके अलावा, यह प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में दो राउंड-टेबल्स में भी भाग लेगा, जिसमें पहला राउंड-टेबल टूरिज्म एसोशिएन के साथ और दूसरा राउंड-टेबल कोरियन स्टोन एसोसिएशन के साथ आयोजित है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले इस प्रतिनिधिमंडल और अन्य उद्योग प्रतिनिधियों के लिए जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज और दक्षिण कोरिया में भारत के राजदूत अमित कुमार विशेष रात्रिभोज का आयोजन भी करेंगे।

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की तैयारी के सिलसिले में राज्य सरकार देश और दुनिया के कई शहरों में इन्वेस्टर्स मीट आयोजित करने जा रही है। जहां देश के अंदर मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई जैसे वाणिज्यिक केंद्रों पर इन्वेस्टर्स मीट आयोजित करने की योजना है, वहीं विदेशों में यह इन्वेस्टर्स मीट दक्षिण कोरिया, जापान, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर आदि में आयोजित होगी। पिछले महीने, देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई में 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का पहला घरेलू इन्वेस्टर्स मीट आयोजित हुआ था, जिसमें 4.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश संबंधित एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे।

**'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 :** 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (बीआईपी) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है।

इस त्रि-दिवसीय मेगा समिट का उद्देश्य देश-विदेश की बड़ी-छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आकर काम करने के लिए आमंत्रित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग-धंधे लगाने में मदद करना और अनय सुविधाएँ मुहैया कराना है।

# जीरो कार्बन और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए देशवासी आगे आएं: पीटी उषा

## मानसरोवर में रयोटो इलेक्ट्रिक्स के शोरूम का उद्घाटन भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने किया

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष, राज्यसभा के सांसद (एमपी) एवं उपाध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने देशवासियों से ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने का आव्हान किया। उन्होंने कहा देश को व्हीकल के मामले में जीरो कार्बन के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना जरूरी है।

जयपुर के मानसरोवर में रयोटो इलेक्ट्रिक्स के शोरूम के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने देशवासियों से ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने की अपील की। देश में खेल को लेकर भविष्य और ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने मोदी सरकार के विजन की सराहना की।

बता दें कि RYOTO ELECTRIX ने 5 इलेक्ट्रिक स्कूटर मॉडल लॉन्च किए हैं, जो ग्रीन एनर्जी को सपोर्ट करते हैं और पयार्वरण के अनुकूल हैं। इसके अलावा किफायती कीमत है, यह 70-125 किमी प्रति घंटे के बीच चलती है। 3 से 4 घंटे में बेटरी पूरी चार्ज हो जाती है।



बैटरी/चाजर्र 3 साल की वारंटी के साथ के साथ आता है। रयोटो इलेक्ट्रिक्स ने चंडीगढ़, अलवर, रायगढ़, थानागाजी, धौलपुर, नागौर, आगरा जिले में अपने वितरक भी नियुक्त कर दिए हैं।

कंपनी कॉ फाउंडर मुक्ति का शर्मा ने बताया कि कार्बन फुटिप्रंट को कम करने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कंपनी ने शुरूआती दौर में रेयोटो इलेक्ट्रिक्स के 5 स्कूटर लॉन्च किए हैं। हमारी कंपनी का लक्ष्य प्रति माह 50 हजार स्कूटर का निर्माण करने का है और हम 200 भारतीय शहरों में जल्द अपनी उपस्थिति प्रमुखता से दर्ज कराएंगे।

**पूरे भारत में चार्जिंग स्टेशन होंगे लॉन्च, 1 लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे :** रयोटो इलेक्ट्रिक भविष्य में जल्द ही पूरे देश में चार्जिंग स्टेशन लॉन्च करने जा रही है। जिसका मकसद पूरे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रमोट कर ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना है। पेट्रोल और डीजल से देश की निर्भरता को कम करना है। इससे देश में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कंपनी एक लाख लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी।

## मुंदडा अध्यक्ष, समदानी मंत्री निर्विरोध निर्वाचित

**बिजनेस रेमेडीज़/भीलवाड़ा।** महेश बचत एवं साख सहकारी समिति लिमिटेड संजय कॉलोनी भीलवाड़ा के चुनाव निर्विरोध रूप से 6 सितंबर 2024 को संपन्न हुए। कार्य समिति का चयन निम्न प्रकार हुआ। अध्यक्ष कैलाशचंद्र मुंदडा, उपाध्यक्ष जगदीश चंद्र समदानी, मंत्री श्याम सुंदर समदानी, कोषाध्यक्ष रतनलाल सांमरिया, कार्य समिति सदस्य कैलाश चंद्र डाड, सत्यनारायण सोमानी, अशोक कुमार झंवर, चंद्रेश कुमार मूंदड़ा के सास ही क्षेत्रीय प्रतिनिधि के रूप में रामराय गट्टानी, मुकेश कास्ट, बालमुकुंद राठी, लक्ष्मी लाल लढ़ा को मनोनित किया गया। मंत्री समदानी ने बताया कि निर्विरोध निर्वाचन एवं प्रशासक द्वारा समिति कार्य के हस्तांतरण के उपरांत समिति का विधिवत कार्य एवं लेनदेन 1 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ किया जा रहा है। अतः सभी साथी अपनी निर्धारित राशि क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के यहां प्रत्येक माह की 8 तारीख तक जमा कराने की कृपा कराएं। पूर्व क्षेत्रीय प्रतिनिधि मोहन मंत्री से संबंधित सदस्य अपनी राशि जगदीश समदानी के यहां जमा कराएंगे।

# जानकी पैराडाइज में एस.के.जे. ज्वैलर्स की ओर से तीन दिवसीय डांडिया महारास 9 अक्टूबर से

## पोस्टर का विमोचन करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा 13 वर्षों से इस डांडिया महारास का आयोजन किया जाना प्रशंसनीय

### मीडिया पार्टनर होगा बिजनेस रेमेडीज

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** नवरात्रि फेस्टिवल के तहत गांधी पथ, वैशाली नगर स्थित जानकी पैराडाइज में तीन दिवसीय 9 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले एस.के.जे.ज्वैलर्स डांडिया महारास-2024 के पोस्टर का विमोचन भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, त्यौहारों के महत्व को साकार करते हुए पिछले 13 वर्षों से इस डांडिया महारास का आयोजन किया जाना प्रशंसनीय है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि ईश्वर की देन है ये सुंदर मानव जीवन, इसे भरपूर उत्साह, उमंग एवं उल्लास के साथ आनंदमय बनाए। सुख दुःख जीवन का हिस्सा है, हमें अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सदैव आशावादी एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ना चाहिए। जीवन में आने वाले हर उल्लास उमंग और उत्साह के पलों को भरपूर तरीके से जीना चाहिए। इस दौरान डांडिया महारास के सहयोगी युवा नेता नवीन मण्डा, मंदाकिनी



साडीज के डायरेक्टर प्रशांत पौद्दार, सालो प्रोडक्शन के चेयरमैन श्रीराम टेलर एवं डांडिया महारास के डायरेक्टर पवन टांक ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को आयोजन में आने का निमंत्रण भी दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकारते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन में भाग लेना ईश्वरीय भक्ति के समान है।

डांडिया महारास के डायरेक्टर पवन टांक ने बताया कि गांधी पथ, वैशाली नगर स्थित जानकी पैराडाइज में 9 से 11 अक्टूबर को प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होने वाले इस महारास कार्य म का शुभारंभ नौ कन्याओं के पूजन के साथ किया जाएगा। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रतिदिन कई पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर राज्य मंत्री जसवंत सिंह विश्नोई, भाजपा युवा नेता नरेश ओझा एवं डांडिया महारास के सहयोगी नवीन मण्डा, प्रशांत पौद्दार, राम टेलर उपस्थिति रहे। डांडिया महारास का मीडिया पार्टनर बिजनेस रेमेडीज होगा।

# टेड एक्स-आईआईएचएमआरयू का द्वितीय संस्करण का जयपुर में आयोजन

## शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सरोकार, लोक कला संरक्षण पर अनुभव किए साझा

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** आईआईएचएमआर फाउंडेशन द्वारा टेड एक्स-आईआईएचएमआरयू के द्वितीय संस्करण का गुरुवार को जयपुर में आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सरोकार, लोक कला संरक्षण आदि के तकनीकी नवाचार कर देश और समाज को बेहतर बनाने वाले युवा उद्यमियों ने अपने विचारों से युवाओं को प्रेरित किया।

IIHMR विश्वविद्यालय में यह 'इंस्पायर, इनोवेट, इम्पैक्ट' विषय पर केंद्रित एक प्रेरक टॉक शो रहा, जहां सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध दूरदर्शी और चेंजमेकर्स के एक समूह को एक मंच पर साथ लाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चिराटे वेंचर्स के संस्थापक और अध्यक्ष सुधीर सेठी का उद्घाटन भाषण रहा। SD Gupta, president IIHMR, आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ. पी.आर.सोडानी, फाउंडेशन की निदेशक यामिनी अग्रवाल, निदेशक अयान अग्रवाल और आईआईएचएमआर स्टार्टअप्स के सीईओ पुनीत दत्ता ने वक्ताओं का स्वागत किया।

इस टॉक शो में जहां योगिक न्यूरोसर्जन डॉ. मयूर विनयकुमार काकू ने सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता के बिना न्यूरोलॉजिकल स्थितियों के इलाज के लिए पूर्वी





और पश्चिमी प्रथाओं को एकीकृत करने की अपनी अनूठी यात्रा साझा की। वहीं राजस्थान रॉयल फाउंडेशन की प्रमुख दीक्षा सेखरी ने सामाजिक प्रभाव पहल के माध्यम से स्थायी परिवर्तन लाने पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने सार्थक, स्थायी प्रभाव पैदा करने के लिए उच्च प्रभाव, कम बजट वाले संचार अभियान तैयार करने और देने की संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला। आईआईटी बॉम्बे के पूर्व छात्र और LEO1 के संस्थापक रोहित गजभिये ने शिक्षा में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में अपना अनुभव साझा किया। फोर्ब्स 30 अंडर 30 और टाइम्स 40 अंडर 40 सूचियों में उनकी मान्यता अगली पीढ़ी के बीच जिम्मेदार वित्तीय आदतों को बढ़ावा देने और दर्शकों को मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करने की उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

हेल्थकेयर लीडर डॉ. सुहासनी जैन ने चिकित्सा त्रुटियों के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित किया और रोगी की सुरक्षा और स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता पर उनके गहरे प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अपने व्यापक प्रशिक्षण के बावजूद, डॉक्टर अचूक नहीं हैं और मानवीय सीमाओं के अधीन हैं, जिसके लिए यथार्थवादी अपेक्षाओं और डॉक्टरों और रोगियों के बीच एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है।

फार्मेसी में स्वर्ण पदक विजेता प्रतीक कसाना ने अपनी प्रेरक यात्रा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने आलोचना को व्यक्ति गत रूप से न लेने के महत्व पर जोर दिया, यह समझते हुए कि यह अक्सर किसी के स्वयं के मूल्य के बजाय दूसरों के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती है।

## इनरव्हील क्लब उदयपुर ने सीनियर सिटीजंस के साथ खेला अंताक्षरी का खेल

**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** इनरव्हील क्लब उदयपुर ने अपना एक दिन वृद्धाश्रम में सीनियर सिटीजंस के साथ हर्षोल्लास से बिताया।

इनरव्हील क्लब अध्यक्ष चंद्रकला कोठारी ने कहा कि श्री कृष्णानंद वृद्धाश्रम तारा संस्थान में बुजुर्गों के साथ वक्त बिताना हमारे लिए सौभाग्य और आनंद का समय था। हमने उनके साथ विस्तृत चर्चा की अल्पाहार और अंताक्षरी का आनंद लिया।

इनरव्हील क्लब सेक्रेटरी डॉ सीमा चंपावत ने कहा कि बुजुर्ग हमारी धरोहर है हम उनकी बदौलत हैं वह हमारी बदौलत नहीं और जब हम उनके साथ वक्त गुजारते हैं और उनके चेहरे पर जो खुशी आती है वह हमारे मन में सुकून और उत्साह भर देती है। हम हमारे बुजुर्गों को घर के किसी कोने में नहीं बल्कि अपने दिल के किसी कोने में जगह दें तभी तभी हम उनका असल सम्मान कर पाएंगे।

इनरव्हील क्लब की उपाध्यक्ष रेखा जैन ने वृद्धाश्रम के सीनियर सिटीजंस बुजुर्ग साथियों को पांच राउंड में पुराने गीतों पर आधारित अंताक्षरी खेला, जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## मुराद

है भगवन् मेरा सम्यक् ज्ञान वर्धमान हो मेरा मनोबल वर्धमान हो मेरी ईच्छा अच्छा समर्पण वर्धमान हो। मेरी कर्मनिर्णय वर्धमान हो मेरा गुणानुराग वर्धमान हो मेरा त्याग तप वर्धमान हो मेरा अनाश्क्त योग वर्धमान हो मेरा निस्पृह भाव वर्धमान हो मेरा क्षमाभाव वर्धमान हो मेरी अनुकंपा भाव वर्धमान हो मेरी करूणा दया वर्धमान हो मेरा वितराग भाव वर्धमान हो मेरा धर्मानुराग वर्धमान हो मेरा वितराग भाव वर्धमान हो मेरा धर्मानुराग वर्धमान हो कर्म विजय के क्षेत्र में मेरी हिम्मत हौसला वर्धमान हो आत्मा के हर क्षेत्र प्रदेश और शरीर के कण कण में नूर वर्धमान हो पलकें ऊपर उठे तो महसूस हो इन्हीं मंगलभावों के तानों-बानों से बना मजबूत मेरा प्यारा देश हिन्दुस्तान हो।

**चिंतनशीला वसुमति जी मा.सा।**

# मान स्ट्रक्चरल्स ने जीता नेशनल क्वालिटी अवॉर्ड

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** पावर ट्रांसमिशन स्ट्रक्चर्स के डिजाइन, फैब्रिकेशन, सप्लाई और ईपीसी में अग्रणी कंपनी मान स्ट्रक्चरल्स प्राइवेट लिमिटेड (एमएसपीएल) को एंटरप्रेन्योर इंडिया द्वारा प्रतिष्ठित नेशनल क्वालिटी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार समारोह भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट उद्यमियों और संगठनों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल की है और विश्व भर में उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह सम्मान एमएसपीएल की सर्वोच्च गुणवत्ता प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो कि लगातार अपने वैश्विक ग्राहकों की कड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने में सबसे आगे है।



एमएसपीएल की ओर से यह अवॉर्ड वरिष्ठ उपाध्यक्ष (सेल्स एंड मार्केटिंग) पंकज शर्मा, सीएफओ, अरविंद झालानी और महाप्रबंधक (प्रोडक्शन) चंद्रशेखर द्वारा प्राप्त किया गया।

पुरस्कार प्राप्त करने पर, मान स्ट्रक्चरल्स के एमडी गौरव रूंगटा ने कहा कि एंटरप्रेन्योर इंडिया द्वारा यह सम्मान प्राप्त करना गर्व की बात है। यह पुरस्कार एमएसपीएल की पूरी टीम की कड़ी मेहनत, समर्पण और नवाचार की भावना का प्रमाण है। एमएसपीएल में हमारा लक्ष्य अरबों सपनों को साकार करना है। हम अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता लाने और सतत ऊर्जा के व्यापक लक्ष्य में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सम्मान उद्योग में हमें बाधाओं को पार कर आगे बढ़ते रहने और नए मानक स्थापित करने के हमारे संकल्प को मजबूत करती है।

इस सम्मान के अतिरिक्त, एमएसपीएल को इससे पहले 2016 में लंदन में वैश्विक स्तर पर क्वालिटी क्राउन अवार्ड से सम्मानित किया गया था, जो स्पष्ट रूप से इसे गुणवत्ता में अग्रणी बनाता है। उत्कृष्टता के लिए एक बार फिर नेशनल क्वालिटी पुरस्कार प्राप्त करना एमएसपीएल द्वारा अपने प्रोजेक्ट्स की विस्तृत श्रृंखला में लगातार विश्व स्तरीय गुणवत्ता प्रदान करने की क्षमता को प्रमाणित करता है।

आवश्यकता
बिजनेस रेमेडीज दैनिक समाचार पत्र को कोटा, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, पाली में खबरों एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें
बिज़नेस रेमेडीज
63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020
मोबाइल नंबर 9929106227
E-Mail: remediesbusiness@gmail.com
businessremedies@yahoo.com

# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस के साथ की रणनीतिक साझेदारी

## यह साझेदारी विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में एयू एसएफबी के विविध ग्राहक आधार को विश्वसनीय, स्थिर और किफायती बीमा समाधानों तक पहुंच प्रदान करने में सक्षम बनाती है।



**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) और सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस (सामान्य बीमा) कंपनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी (यूआईआईसी) ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इसका मकसद एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के ग्राहकों को सामान्य बीमा और इससे जुड़े समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करना है। इसमें वाहन बीमा, व्यक्ति गत दुर्घटना बीमा, फसल बीमा, प्रॉपर्टी बीमा, दुकानदार बीमा, साइबर सुरक्षा बीमा और अन्य बहुत कुछ शामिल है।एयू एसएफबी और यूआईआईसी ने औपचारिक रूप से रणनीतिक गठबंधन समझौतों पर हस्ताक्षर किए। यह उनके सहयोगी सफर में मील का महत्वपूर्ण पत्थर है। समझौतों पर एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के कार्यकारी निदेशक एवं डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक भूपेश सुशील राहुल ने हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी एयू एसएफबी के 'फॉरएवर बैंक' के सपने को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। इसका उद्देश्य पूरे देश में व्यापक स्तर पर वित्तीय समाधान प्रदान करना है।

# बजाज फिनसर्व फ्लेक्सी कैप फंड ने अपनी पहली वर्षगांठ मनाई

## लॉन्च के पहले वर्ष में 3500 करोड़ रुपये एयूएम के पार

**बिजनेस रेमेडीज/पुणे।** बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने अपने प्रमुख इक्विटी फंड, बजाज फिनसर्व फ्लेक्सी कैप फंड का एक वर्ष पूरा कर लिया है।निवेश का एक वर्ष पूरा करने वाला यह इसका पहला इक्विटी फंड है। फंड ने अपने उद्घाटन वर्ष मेंफंड ने अपने शुरुआती वर्ष में नियमित योजना के तहत 41.30%* और प्रत्यक्ष योजना के तहत 43.43%* का रिटर्न देते हुए मजबूत प्रदर्शन किया। फंड के एक साल पूरे होने पर, बजाज फिनसर्व एएमसी के सीईओ गणेश मोहन ने कहा, 'हम अपने प्रमुख इक्विटी फंड की पहली वर्षगांठ को चिह्नित करने के लिए उत्साहित हैं। यहविकास मेगाट्रेंड निवेश के विषय के तहत रणनीतिक निवेश निर्णयों, अनुशासित जोखिम प्रबंधन और गतिशील आवंटन की हमारी यात्रा को दर्शाता है। इस रणनीति ने हमें निवेश को समय के साथ फैलाने की सुविधा दी, जिससे भू-राजनीतिक जोखिमों से बाजार की अस्थिरता का प्रभाव कम हुआ और हमारी एंट्री प्वाइंट्स को बेहतर बनाया गया।इस दृष्टिकोण ने यह सुनिश्चित किया कि हमारा फंड अपने लेबल के अनुरूप बना रहे, बाजार पूंजी आवंटन को गतिशील रूप से समायोजित कर रहा है और बाजार की बदलती स्थितियों के आधार पर रणनीतिक रूप से क्षेत्रों का चयन कर रहा है।' निमेश चंदन, सी. आई. ओ., बजाज फिनसर्व ए. एम. सी. ने बेहतर प्रदर्शन के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, 'बजाज फिनसर्व फ्लेक्सी कैप फंड प्रौद्योगिकी, नियामक, स्थिरता, जनसांख्यिकी, आर्थिक और सामाजिक परिवर्तनों में भारत के मेगाट्रेंड्स-संचालित अवसरों का दोहन करने के लिए विशिष्ट रूप से स्थित है। इसका विविध पोर्टफोलियो प्रमुख क्षेत्रों में फैला हुआ है। गुणवत्तापूर्ण कंपनियों का एक पोर्टफोलियो बनाने पर जोर दिया गया है जिनके पास विकास के लिए मजबूत गुंजाइश है।'

# कैशफ्री पेमेंट्स की सिक्योर आईडी ने कारोबारों के लिए आइडेंटिटी वेरिफिकेशन का 100 करोड़ से ज़्यादा का आंकड़ा किया पार

**बिजनेस रेमेडीज।** आज की डिजिटल दुनिया में, ऑनलाइन लेन-देन तेज़ी से बढ़ रहे हैं, जो व्यवसायों और उनके ग्राहकों की सुरक्षा को लेकर नई चुनौतियां भी सामने लेकर आ रहे हैं। सुरक्षित और प्रामाणिक लेन-देन सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। आइडेंटिटी वेरिफिकेशन और फ्रॉड प्रेवेंशन एक मज़बूत व्यावसायिक रणनीति के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। इस चुनौती का सामना करने के लिए, कैशफ्री पेमेंट्स ने हाल ही में सिक्योर आईडी लॉन्च किया है। यह एक एंड-टू-एंड सत्यापन प्लेटफ़ॉर्म है जो व्यवसायों को अनुपालन प्रवाह बनाने और पहचान धोखाधड़ी को रोकने में सक्षम बनाता है।

सिक्योर आईडी ने 100 करोड़ रुपये से ज़्यादा सत्यापन पूरे करके और 50 करोड़ रुपये से ज़्यादा की धोखाधड़ी को रोककर महत्वपूर्ण नतीजे हासिल किए हैं। यह प्लेटफ़ॉर्म व्यवसायों को वित्तीय नुकसान और उनकी प्रतिष्ठा को होने वाले नुकसान से बचाने में अत्यधिक प्रभावी साबित हो रहा है। कैशफ्री पेमेंट्स के सीईओ और को-फाउंडर आकाश सिन्हा ने कहा, 'ऑनलाइन संचालन करने वाले व्यवसायों को फ्रॉड के कारण काफ़ी राजस्व हानि और धीमी वृद्धि का सामना करना पड़ रहा है। फ्रॉड न केवल वित्त, बल्कि ग्राहक विश्वास और जुड़ाव को भी प्रभावित करता है। अनुपालन और जोखिम प्रबंधन के लिए प्रभावी उपाय दरअसल विश्वास बहाल करने और सुरक्षित डिजिटल लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।' सिक्योर आईडी बड़े निगमों से लेकर छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) तक सभी आकार के व्यवसायों को पूरा करता है। आकाश आगे कहते हैं, 'प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग में आसान इंटरफ़ेस और अपने अनुकूल बनाने योग्य सुविधाएँ इसे व्यवसायों के लिए आसान बनाती हैं और इसके लिए बहुत अधिक तकनीकी कौशल की जरूरत भी नहीं होती।'

उन्होंने आगे विस्तार से बताया कि छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों के लिए, जो अक्सर सीमित संसाधनों और बजट का सामना करते हैं, सिक्योर आईडी उनकी सभी सत्यापन आवश्यकताओं के लिए एक लागत प्रभावी समाधान प्रदान करता है। मैन्युअल सत्यापन प्रक्रिया की आवश्यकता को समाप्त करके, ये व्यवसाय अपने परिचालन व्यय को काफी कम कर सकते हैं और अपने व्यवसाय के अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संसाधनों को आवंटित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सिक्योर आईडी उन्नत सुरक्षा उपायों को नियोजित करके एसएमई को पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट जैसे डेटा सुरक्षा विनियमों का अनुपालन करने में मदद करता है। सिक्योर आईडी व्यवसायों को उनके वेरिफिकेशन प्रोसेस को सुव्यवस्थित करने और धोखाधड़ी के जोखिमों को कुशलतापूर्वक कम करने में सक्षम बनाता है। आकाश बताते हैं, 'पहचान सत्यापन कार्यों को स्वचालित करके, व्यवसाय परिचालन लागत को कम कर सकते हैं और अपने कामकाज में बहुत सुधार कर सकते हैं। बैंकों, खाता एग्रीगेटर, क्रेडिट ब्यूरो और डिजिलॉकर सहित विभिन्न डेटा एग्रीगेटर के साथ प्लेटफ़ॉर्म का एकीकरण व्यापक डेटा कवरेज और सटीक सत्यापन परिणाम सुनिश्चित करता है।' आज के डिजिटल परिदृश्य में, जहाँ धोखेबाज़ लगातार अपनी रणनीति और तरीकों को बढ़ा रहे हैं।


## नीलकंठ रॉक-मिनरल्स लिमिटेड

CIN: L14219RJ1988PLC062162
पंजीकृत कार्यालयः प्लैट नं. 606, योजना चोपासनी जागीर, खसरा नं. 175/74, प्लॉट नं. 15/16 जोधपुर, राजस्थान-342001
ई-मेल आईडी : info@neelrock.com, दूरभाषः +0291-2631839

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि नीलकंठ रॉक-मिनरल्स लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की 36वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसायों को लेन-देन करने के लिए सोमवार, 30 सितंबर, 2024 को सुबह 10:00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय फ्लेट नंबर 606, योजना चौपासनी जागीर, खसरा नंबर 175/74, प्लॉट नंबर 15/16 जोधपुर, राजस्थान-342001 पर आयोजित की जाएगी।

एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए वार्षिक रिपोर्ट, अन्य बातों के साथ, बोर्ड की रिपोर्ट, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण सहित सभी सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर अनुमत तरीके से भेज दी गई है। कंपनी ने 6 सितंबर, 2024 को सभी सदस्यों को नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट भेजने का काम पूरा कर लिया है और इसे कंपनी की वेबसाइट www.neelrock.com, बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com पर भी उपलब्ध कराया गया है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों सपठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 और भारतीय कंपनी सचिवालय संस्थान द्वारा जारी वार्षिक आम बैठक पर सचिवीय मानक (एसएस-2) की अनुपालना में सदस्यों को एजीएम के नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर एजीएम मतदान स्थल के अलावा अन्य स्थान से सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा प्रदान किये गये इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("रिमोट ई-वोटिंग") मतदान देने की सुविधा प्रदान की गई है, 23 सितंबर, 2024 की कट-ऑफ तिथि के अनुसार भौतिक रूप में या डीमैटेरियलाइज्ड रूप में शेयर रखने वाले सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के लिए हकदार होंगे, एजीएम स्थल पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग भी उपलब्ध कराई जाएगी और एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है, वे एजीएम में वोट कर सकेंगे, एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट वाले सदस्य एजीएम में शामिल हो सकते हैं लेकिन दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे। इसके बाद सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

कोई भी व्यक्ति जो कंपनी के शेयरों का अधिग्रहण करता है और नोटिस भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तारीख यानी 23 सितंबर, 2024 तक शेयर रखता है, वह हेल्पडेस्क evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि यदि कोई व्यक्ति पहले से ही रिमोट ई-वोटिंग के लिए सीडीएसएल के साथ पंजीकृत है तो मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग वोट डालने के लिए किया जा सकता है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के प्रावधानों सपठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण समझौता और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के नियम 42 की अनुपालना में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी की शेयर हस्तांतरण पुस्तकें 24.09.2024 से 30.09.2024 (दोनों दिन सम्मिलित) तक वार्षिक आम बैठक के प्रयोजन के लिए बंद रहेंगी।

नीलकंठ रॉक-मिनरल्स लिमिटेड
कृते/-
नोरतमल कंवर
प्रबंध निदेशक

स्थानः जोधपुर
दिनांकः 7 सितम्बर, 2024



## A.K. SPINTEX LIMITED

Regd. Office: 14 K.M. Stone, Chittor Road, Biliya-Kalan, Bhilwara-311001 (Raj.)
Ph: 9887049006, 9929139002 • Email: akspintex@gmail.com • Website: www.akspintex.com
CIN: L17117RJ1994PLC008916

**NOTICE OF AGM AND E-VOTING**

NOTICE is hereby given that the 30th Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held on Monday 30th September, 2024 at the Registered office of the Company at 14 K.M. Stone,Chittor Road, Biliya Kalan, Bhilwara 311001at 11:00 A.M. to transact the Businesses, as set out in the Notice of AGM;

Electronic copies of the notice of the AGM and Annual Report for the year 2023-24 have been sent to all the members whose email IDs are registered with the Company/Depository Participant(s). The same is also available on the Company's website www.akspintex.com Physical copies of the same have also been sent to all other members at their registered address in the permitted mode.

Members please note that:

Members holding shares either in physical or in dematerialized form, as on the cut-off date of September 23, 2024 may cast their vote electronically on the resolutions as set out in the notice of AGM through remote-electronic voting system on Central Depository Service Limited (CDSL) from a place other than venue of AGM ("Remote E-voting). All the members are informed that:

I. **The remote e-voting shall commence on 27th Sept., 2024 at 10:00 A.M. [IST] and shall end on 29th Sept., 2024 at 5:00 P.M. [IST]**

II. A person, who acquires shares and becomes shareholder of the Company after dispatch of the notice and holding shares as of the cut-off date can do remote e-voting by obtaining the login-id and password by sending an e-mail to akspintex@gmail.com or helpdesk.evoting@cdslindia.com by mentioning their Folio No./DP ID and client ID No. However, if such shareholder is already registered with CDSL for remote e-voting then existing user-id and password can be used for casting your vote.
   a] The remote e-voting module shall be disabled by CDSL after the aforesaid date and time for voting and once the vote on a resolution is cast by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently;
   b] The facility for voting through ballot paper shall be made available at the AGM;
   c] The members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again; and
   d] A person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to facility of remote e-voting as well as voting at the AGM through ballot paper;

III. For detailed instructions pertaining to e-voting, members may please refer to the section "NOTES" in notice of the AGM. In case of queries or grievances pertaining to e-voting procedure, shareholders may refer the FAQs for shareholders and e-voting user manual for shareholders available at the download section of www.evotingindia.com or may contact:

| Particulars | Central Depository Services (India) Ltd. | A.K. SPINTEX LIMITED |
|---|---|---|
| Address | 17th Floor, P.J. Towers, Dalal Street, Fort, Mumbai 400001 | 14 K.M. Stone, Chittor Road, Biliya Kalan, Bhilwara-311001 (Raj.) |
| Name & Designation | Bhawendra Jha, Dy. Manager | Ashish Kumar Bagrecha CS & Compliance Officer |
| Tel. | 022-22723333 | 01482-249002 |
| E-mail id | helpdesk.evoting@cdslindia.com | akspintex@gmail.com |

Place: Bhilwara
Date: 06th Sept., 2024

For A.K. SPINTEX LIMITED
Ashish Kumar Bagrecha (Company Secretary & Compliance Officer)



## ढाबरिया पॉलीवुड लिमिटेड

रजि. कार्यालयः बी-9 डी (1), मालवीय औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर - 302 017 राजस्थान
दूरभाष संख्या : 0141-4057171, ई-मेलः cs@polywood.org, वेबसाइटः www.polywood.org
सीआईएनः L29305RJ1992PLC007003

**बत्तीसवीं वार्षिक आम बैठक, ई-वोटिंग एवं पुस्तक बंद करने की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी की बत्तीसवीं (32वीं) वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') शनिवार, 28 सितंबर, 2024 को सुबह 11:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') / अन्य ऑडियो विजुअल साधन ('ओएवीएम') सुविधा के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों के लागू प्रावधानों और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अनुपालन में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी ('एमसीए सर्कुलर') सामान्य परिपत्र क्रमांक 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल 2020 क्रमांक 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020 क्रमांक 20/2020 दिनांक 05 मई 2020 क्रमांक 22/2020 दिनांक 15 जून 2020 क्रमांक 33/ 2020 दिनांक 28 सितम्बर 2020, क्रमांक 39/2020 दिनांक 31 दिसम्बर 2020, क्रमांक 10/2021 दिनांक 23 जून 2021, क्रमांक 20/2021 दिनांक 08 दिसम्बर 2021, क्रमांक 03/2022 दिनांक 05 मई 2022, ('एमसीए परिपत्र') और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र संख्या ('सेबी परिपत्र') सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी-2/पी/सीआईआर/2023/167 दिनांक 07 अक्टूबर, 2023, सेबी/ एचओ/सीएफडी/पीओडी-2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांक 05 जनवरी 2023, परिपत्र क्रमांक सेबी/एचओ/ सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांक 13 मई 2022, परिपत्र क्रमांक सेबी/एचओ/ सीएफडी/ सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021 सेबी/एचओ/ सीएफडी/ सीएमडी1/सीआईआर/ पी/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 ('सेबी परिपत्र'), के अनुसार लागु प्रावधान के अनुपालन में बिना एक सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना आमंत्रित की गई है।

32वीं एजीएम के नोटिस की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां, वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट और 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण उन सभी सदस्यों को भेज दिया गया है, जिनकी ई-मेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट का प्रेषण 06 सितंबर 2024 को पूरा हो चुका है। उपरोक्त दस्तावेज़ कंपनी की वेबसाइट यानी www.polywood.org, बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट यानी www.bseindia और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की वेबसाइट यानी www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और उसके तहत लागू नियमों और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 42 के अनुसार, कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर पुस्तकें सोमवार, 23 सितंबर 2024 से शनिवार, 28 सितंबर, 2024 (दोनों दिन सम्मिलित) तक अंतिम लाभांश और वार्षिक आम बैठक के भुगतान के लिए बंद रहेंगी। बोर्ड द्वारा अनुशंसित अंतिम लाभांश, यदि एजीएम में घोषित किया जाता है, तो उन शेयरधारकों को भुगतान किया जाएगा जिनका नाम शनिवार, 21 सितंबर 2024 को डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए सदस्यों/लाभार्थी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है।

सीधे बैंक खाते में लाभांश प्राप्त करने में देरी से बचने के लिए सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डीपी के साथ अपने बैंक विवरण और केवाईसी को अपडेट करें, जहां शेयर डीमटेरियलाइज्ड मोड में रखे गए हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुपालन में, कंपनी अपने सदस्यों के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा की पेशकश कर रही है, जिससे वे कंपनी की एजीएम में किए जाने वाले कारोबार के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकेंगे। कंपनी ने ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) को नियुक्त किया है।

रिमोट ई-वोटिंग बुधवार, 25 सितंबर, 2024 को सुबह 09:00 बजे से शुरू होगी और शुक्रवार, 27 सितंबर, 2024 को शाम 05:00 बजे समाप्त होगी। रिमोट ई-वोटिंग को उक्त तिथि और समय के बाद अनुमति नहीं दी जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से या एजीएम में वोट करने की पात्रता निर्धारित करने की कट-ऑफ तारीख 21 सितंबर, 2024 है। रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया के लिए विस्तृत निर्देश एजीएम के नोटिस के नोट नंबर 26 में उल्लिखित हैं।

जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

कोई भी व्यक्ति जिसने शेयर हासिल कर लिए हैं और एजीएम की सूचना भेजने के बाद और कट-ऑफ तिथि से पहले कंपनी का सदस्य बन गया है, वह एजीएम की सूचना में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए एजीएम की तिथि पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से यानी रिमोट ई-वोटिंग या ई-वोटिंग प्रणाली द्वारा अपने वोट का प्रयोग करने का हकदार होगा। ।

यदि आपके पास सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से एजीएम और ई-वोटिंग में भाग लेने के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक ईमेल लिख सकते हैं या 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतें श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व) को संबोधित किया जा सकता है या कंपनी के कंपनी सचिव श्री स्पर्श जैन से B-9D(1), मालवीय औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर 302017 राज. दूरभाषः 0141-4057171 और ईमेल cs@polywood.org पर संपर्क करें।

सीएस मनीष संचेती, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव, (एफसीएस 7972, सीपी 8997) को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई-वोटिंग की जांच करने के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग के परिणाम सोमवार, 30 सितंबर 2024 को या उससे पहले घोषित किए जाएंगे। सदस्यों की जानकारी के लिए, स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट के साथ घोषित परिणाम, कंपनी की वेबसाइट www.polywood.org और सीडीएसएल की वेबसाइट यानी www.evotingindia.com और इसके अलावा स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड को सूचित किया जाएगा जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं।

ढाबरिया पॉलीवुड लिमिटेड के लिए
एसडी/-
स्पर्श जैन
कंपनी सचिव
सदस्यता संख्या - 36383

स्थानः जयपुर
दिनांकः 07.09.2024



## एस्प्रिट स्टोन्स लिमिटेड

(पूर्व में 'एस्प्रिट स्टोन्स प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से जाना जाता था)
पंजीकृत कार्यालयः - एसपी 1, उद्योग विहार, सुखेर औद्योगिक क्षेत्र, उदयपुर, राजस्थान-313004
सीआईएनः U74999RJ2016PLC056284, वेबसाइटः www.espritstones.com, फोनः 9116652582, ईमेलः legal@espritstones.com

**08वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं ई-वोटिंग सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि एस्प्रिट स्टोन्स लिमिटेड (पूर्व में एस्प्रिट स्टोन्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जानी जाने वाली) (कंपनी) के शेयरधारकों की 08वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) सोमवार, 30 सितंबर, 2024 को सुबह 11:00 बजे (आईएसटी) जो कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों ('वीसी/ओएवीएम') के माध्यम से आयोजित की जाएगी, ताकि एजीएम की सूचना में बताए अनुसार कारोबार किया जा सके। बैठक का स्थान कंपनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

एजीएम का आयोजन कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों (अधिनियम), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ('सेबी सूचीबद्धता विनियम') के प्रावधानों के अनुपालन में किया जाएगा, साथ ही कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और सेबी द्वारा समय-समय पर जारी सभी लागू परिपत्रों के साथ पढ़ा जाएगा। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम के उद्देश्य से गिना जाएगा।

समय-समय पर एमसीए और सेबी के प्रासंगिक परिपत्रों के अनुपालन में जारी, एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट शुक्रवार 06 सितंबर 2024 को इलेक्ट्रानिक मोड के माध्यम से उन सभी शेयरधारकों को भेज दी गई है, जिनके ई-मेल पते कंपनी/लिंकटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (आरटीए)/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं।

**8वीं एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट निम्नलिखित पर भी उपलब्ध है:**
ए) कंपनी की वेबसाइट www.espritstones.com;
बी) स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट के संबंधित अनुभाग यानी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ('एनएसई') www.nseindia.com पर और
सी) आरटीए की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in/ पर

एजीएम में किए जाने वाले व्यवसाय से संबंधित दस्तावेज एजीएम की सूचना के बिंदु संख्या 9 में दी गई प्रक्रिया के अनुसार निरीक्षण के लिए उपलब्ध होंगे।

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 (नियम) के नियम 20 के साथ अधिनियम की धारा 108 के अनुसार, जैसा कि संशोधित किया गया है, और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सेबी लिस्टिंग विनियमन और सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानकों के विनियमन 44 के अनुसार, कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रानिक माध्यम से एजीएम में पारित किए जाने वाले प्रस्तावों पर मतदान करने के अपने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है।

कंपनी ने एजीएम से पहले एजीएम के आयोजन स्थल के अलावा किसी अन्य स्थान से (रिमोट ई-वोटिंग) और एजीएम के दौरान (एजीएम में ई-वोटिंग) ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए आरटीए की सेवाएं ली हैं। सेबी के परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD/CIR/P/2020/242 दिनांक 9 दिसंबर, 2020 के अनुसार, सभी व्यक्तिगत डीमैट खाताधारकों के लिए भी उनके डीमैट खातों/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/डिपॉजिटरी की वेबसाइटों के माध्यम से एकल लॉगिन क्रेडेंशियल के माध्यम से ई-वोटिंग प्रक्रिया सक्षम की जाएगी।

एजीएम में विभिन्न तरीकों से रिमोट ई-वोटिंग और वोटिंग की प्रक्रिया और माध्यम एजीएम की सूचना में दिए गए हैं और यह कंपनी की वेबसाइट www.espritstones.com पर भी उपलब्ध है।

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य तथा नोटिस का हिस्सा बनने वाले प्रस्तावों पर रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डालने वाले तथा अन्यथा ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं होने वाले सदस्य एजीएम के दौरान प्रदान की गई ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से वोट करने के पात्र होंगे। जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाला है, वे एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें फिर से अपना वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।

रिमोट ई-वोटिंग तथा एजीएम में मतदान के लिए सदस्यों की पात्रता निर्धारित करने की कट-ऑफ तिथि सोमवार, 23 सितंबर, 2024 है।

रिमोट ई-वोटिंग शुक्रवार, 27 सितंबर, 2024 (सुबह 9:00 बजे आईएसटी) से शुरू होगी तथा रविवार 29, 2024 (शाम 5:00 बजे आईएसटी) को समाप्त होगी। इसके बाद रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल अक्षम कर दिया जाएगा। एक बार सदस्य द्वारा वोट डालने के बाद, उसे बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोई भी व्यक्ति जो इस नोटिस के प्रेषण के बाद कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और कट-ऑफ तिथि यानी सोमवार, 23 सितंबर, 2024 को शेयर रखता है, वह नोटिस में विस्तार से बताई गई रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया का पालन कर सकता है।

मेसर्स अभिक जैन एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज के प्रोपराइटर सीएस अभिक जैन को मतदान प्रक्रिया (इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा) की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए स्क्रूटनाईजर नियुक्त किया गया है।

यदि डीमैट मोड में प्रतिभूतियाँ रखने वाले शेयरधारकों/सदस्यों को डिपॉजिटरी यानी एनएसडीएल/सीडीएसएल के माध्यम से लॉगिन करने से संबंधित कोई तकनीकी समस्या है, तो वे नीचे दिए गए संबंधित हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं:

एनएसडीएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत सदस्य-
लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य helpdesk. evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या 022-4886 7000 और 022-2499 7000 पर कॉल कर सकते हैं।

सीडीएसएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत सदस्य-
लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य helpdesk. evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर सीडीएसएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

यदि शेयरधारकों/भौतिक मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले सदस्यों/संस्थागत शेयरधारकों के पास ई-वोटिंग के बारे में कोई प्रश्न हैं, तो वे अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ('एफएक्यू') और https://instavote.linkintime.co.in. पर उपलब्ध इंस्टा वोट ई-वोटिंग मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए, कृपया श्री राजीव रंजन, सहायक उपाध्यक्ष - ई-वोटिंग, लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से सी 101, 247 पार्क, एल.बी.एस. मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई-400083 पर संपर्क करें या enotices@linkintime.co.in पर ईमेल करें या दूरभाषः 022-4918 6000 पर संपर्क करें।

शेयरधारक जो बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करना/प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे बैठक से कम से कम 3 (तीन) दिन पहले यानी सोमवार, 30 सितंबर, 2024 को अपना नाम, डीमैट खाता संख्या/फोलियो नंबर ई-मेल आईडी मोबाइल नंबर legal@espritstones.com पर भेजकर खुद को वक्ता के रूप में पंजीकृत कर सकते हैं।

केवल वे शेयरधारक जिन्होंने खुद को वक्ता के रूप में पंजीकृत किया है, उन्हें एजीएम के दौरान अपने विचार व्यक्त करने/प्रश्न पूछने की अनुमति होगी।

एजीएम की कार्यवाही का लाइव वेबकास्ट सदस्यों द्वारा लिंक इनटाइम की इंस्टामीट वेबसाइट https://instameet.linkintime.co.in पर लॉग इन करके एजीएम की सूचना के बिंदु संख्या 12 में दी गई प्रक्रिया के अनुसार देखा जा सकता है।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स को ध्यान से पढ़ें और विशेष रूप से एजीएम में शामिल होने के निर्देश, रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीका और एजीएम में मतदान करें।

एजीएम का परिणाम मंगलवार, 01 अक्टूबर, 2024 तक घोषित किया जाएगा और इसे कंपनी की वेबसाइट www.espritstones.com, आरटीए की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in/ पर स्क्रूटिनाइजर्स रिपोर्ट के साथ रखा जाएगा और एनएसई को सूचित किया जाएगा।

कृते एस्प्रिट स्टोन्स लिमिटेड
हस्ता./- अंजली पाण्डे
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी M. No. A45660

दिनांकः 07 सितम्बर, 2024
स्थानः उदयपुर



## SHASHWAT FURNISHING SOLUTIONS LIMITED

CIN: U20299RJ2021PLC073899
Regd. Office: 121, Mahaveer Nagar, Jain Colony, Jodhpur - 342001, Rajasthan, India
E-mail : cs@handicraftsvillage.com, Website: www.handicraftsvillage.com, Tel. No.: + 91-9001269000

**NOTICE OF 04TH ANNUAL GENERAL MEETING, REMOTE E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE DATE**

Notice is hereby given that,

1. The 04TH Annual General Meeting (AGM) of the Members of the Company will be held on Monday, September 30, 2024, at 11:00 A.M. at factory premises situated at Plot No. 120, 121, 122, Khasra No. 277/1 Salawas Industrial Area, Jodhpur, Rajasthan-342013, India to transact the business as set out in the Notice of the AGM.
2. The Notice of AGM and Annual Report for the Fiscal 2024 have been emailed on September 05, 2024, to those members whose email IDs are registered with the Company/Depository Participant(s). The same are also available on the website of the Company at www.handicraftsvillage.com.
3. Pursuant to provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 and Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended and Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the company is providing facility to its member holding shares either in physical form or dematerialized form, as on the cut-off-date September 20, 2024, for casting their vote on the business as set forth in the Notice of the AGM through the electronic voting system of National Securities Depository Limited (NSDL). All the members are informed that:
   i. The business as set forth in the Notice of the 04th AGM may be transacted through voting by electronic means;
   ii. The remote e-voting shall commence on September 27, 2024 (9.00 a.m. IST);
   iii. The remote e-voting shall end on September 29, 2024 (5.00 p.m. IST);
   iv. The cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means or at the AGM is September 20, 2024;
   v. Any person, who becomes a member of the Company after dispatch of the Notice of the AGM and holding shares as of the cut-off date i.e September 20, 2024, may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in. However, if you are already registered with NDSL for e-voting, then the existing user ID and password/PIN can be utilized for casting the vote.;
   vi. Members may note that: a) the remote e-voting module shall be disabled by NSDL beyond 5.00 p.m. IST on September 29, 2024, and once the vote on a resolution is cast by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently; b) the members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again; and c) a person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date i.e. September 20, 2024, only, shall be entitled to avail the facility of remote e-voting.
   vii. The Notice of AGM and Annual Report for the Fiscal 2024 is available on the Company's website at www.handicraftsvillage.com and on the website of BSE Limited at www.bseindia.com and on the website of NSDL at www.evoting.nsdl.com
   viii. Members who have not received the Notice and Annual Report for the Fiscal 2024 may download the same from the aforesaid website.
   ix. In case of any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on: 022 - 4886 7000 and 022 - 2499 7000 or send a request to Pallavi Mhatre at evoting@nsdl.com
4. The Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Saturday, September 21, 2024 to Monday, September 30, 2024 (both days will be inclusive).

For Shashwat Furnishing Solutions Limited
Sd/-
Monika Gandhi
Company Secretary & Compliance Officer

Date: September 06, 2024
Place: Jodhpur



## सोनी मेडिकेयर लिमिटेड

सीआईएनः L51397RJ1988PLC004569
पंजीकृत कार्यालयः 38, कानोता बाग, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर राजस्थान 302004, दूरभाष नं.: 0141-5163700
वेबसाईटः www.sonihospitals.com, ई-मेलः cs@sonihospitals.com

**36वीं वार्षिक आम बैठक, ई-वोटिंग और बुक क्लोजर की सूचना**

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि सोनी मेडिकेयर लिमिटेड (' कंपनी') के सदस्यों की 36वीं वार्षिक आम बैठक 6एजीएम8 सोमवार, 30 सितंबर, 2024 को दोपहर 03:00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 38, कनोटा बाग, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर RJ 302004 IN पर आयोजित की जाएगी।

संबंधित सर्कुलर्स के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2023-2024 की वार्षिक रिपोर्ट आदि कंपनी के उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी जिनका नाम 30 अगस्त, 2024 को सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है और जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत हैं। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.sonihospitals.com पर और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होंगे।

सदस्यों द्वारा ईमेल पतों को पंजीकृत/ अपडेट करने का तरीका नीचे दिया गया हैः
यदि शेयर भौतिक रूप में धारित हैं तो कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति) ईमेल द्वारा cs@sonihospitals.com पर प्रदान करें
यदि शेयर डीमैट मोड में हैं, तो कृपया डीपीआईडी-सीएलआईडी (16 अंकों का डीपीआईडी + सीएलआईडी या 16 अंकों का लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति) आधार (आधार कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन कॉपी) cs@sonihospitals.com पर प्रदान करें।

रिमोट ई-वोटिंग शुक्रवार, 27 सितंबर, 2024 को सुबह 9 बजे IST से शुरू होगी और रविवार, 29 सितंबर, 2024 को शाम 05.00 बजे समाप्त होगा। कंपनी के सदस्य, कट-ऑफ तिथि यानी 23 सितंबर, 2024 को भौतिक या अभौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले, रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल सकते हैं।

ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीका नीचे दिया गया हैः
एजीएम के नोटिस में डीमैटरियलाइज्ड, फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों और अपने ईमेल पते को पंजीकृत नहीं करने वाले सदस्यों द्वारा दूरस्थ रूप से ('रिमोट ई-वोटिंग') मतदान का तरीका प्रदान किया गया है। विवरण कंपनी की वेबसाइट www.sonihospitals.com पर भी उपलब्ध होगा

ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल सदस्यों को ईमेल के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। जिन सदस्यों को ईमेल प्राप्त नहीं होता है या जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी टिसिपेंट्स के साथ पंजीकृत नहीं हैं, वे एजीएम के नोटिस में दिए गए निर्देशों का पालन करके लॉगिन क्रेडेंशियल उत्पन्न कर सकते हैं।

उक्त एजीएम के उद्देश्य से सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स मंगलवार, 24 सितंबर, 2024 से सोमवार, 30 सितंबर, 2024 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेंगे।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते सोनी मेडिकेयर लिमिटेड
हस्ता/-
जूही गुरनानी
कंपनी सचिव व अनुपालन अधिकारी

स्थानः जयपुर
तिथिः 06-09-2024

BR

## सम्पादकीय

# गणेश चतुर्थी का केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी

गणेश चतुर्थी का त्योहार आज श्रद्धा पूर्वक मनाया जाएगा। यह भगवान गणेश के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। इसे



पुनीत जैन

विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है और यह भाद्रपद महीने की शुक्ल चतुर्थी को मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी रखती है। यह त्योहार सामूहिकता, भाईचारे और समाज में एकता का प्रतीक है। यह उत्सव हमें भगवान गणेश के गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। गणेश चतुर्थी का त्योहार हमारे जीवन में सकारात्मकता और आशावादी सोच को बढ़ावा देता है। इस उत्सव को मनाने के साथ-साथ हम भगवान गणेश से प्रेरणा लेते हैं और अपने जीवन में अच्छी बातें अपनाने का संकल्प लेते हैं। हमें गणपति बप्पा के गुणों को अपनाने का प्रयास करना चाहिए, जैसे कि- बुद्धि, साहस और दया। इस राह पर चलकर हम ताउम्र अपने जीवन में गणपति का आशीर्वाद महसूस कर सकते हैं। हम सब मिलकर सद्भावना के साथ भगवान गणेश की पूजा करें और उनके आशीर्वाद से अपने जीवन को सुखी और समृद्ध बनाएं। यह त्योहार भगवान गणेश की महिमा को समझने और उनके गुणों को अपनाने का अवसर प्रदान करता है। गणेश चतुर्थी के त्योहार को हमारे जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए और भगवान गणेश के गुणों को अपनाने का प्रयास करना चाहिए। गणेश भगवान हमारे जीवन में बुद्धि, समृद्धि और सुख लाने के लिए जाने जाते हैं। विघ्नहर्ता, जो हमारे जीवन की बाधाओं को दूर करते हैं। उनकी पूजा करने से हमें ज्ञान, सुख और समृद्धि मिलती है। भगवान गणेश की महिमा की जानकारी हमारी पौराणिक कथाओं में मिलती है, जो उनकी बुद्धि और साहस को दर्शाती है। इस दिन भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना की जाती है। इनका अभिषेक कर, मोदक प्रसाद अर्पित कर, मंत्रों का उच्चारण किया जाता है। बाद में भगवान गणेश की आरती होती है। यह पूजा 10 दिन तक चलती है। दसवें दिन गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। यह प्रक्रिया जीवन के चक्र को दर्शाती है और हमें यह बताती है कि जिसने भी इस धरती पर जन्म लिया है उसे एक दिन जाना भी है।

BR

## सूचना

**इस पृष्ठ पर प्रकाशित सभी विशेष लेख व्यक्तिगत सोच के आधार पर हैं।**
-संपादक

# परमात्मा की आज्ञाओं का पालन करना ही सच्ची गणेश पूजा



**गोविन्द पारीक**
अतिरिक्त निदेशक, जनसंपर्क (सेवानिवृत्त)

वेदों में अग्नि, इन्द्र, वरुण, सोम, ब्रह्मा, विष्णु, शिव, गणेश आदि सब नाम सर्व व्यापक परमात्मा के लिए प्रयुक्त हुए हैं। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्रणिधान आदि यम नियमों का पालन करते हुए परमात्मा का नित्य ध्यान करना और वेदों में वर्णित परमात्मा की आज्ञाओं का पालन करना ही सच्ची गणेश पूजा है।

वेदों में एक ईश्वर के अनेक नाम बताए गए हैं। ईश्वर का हर नाम ईश्वर के गुण का प्रतिपादन करता हैं। ईश्वर के असंख्य गुण होने के कारण असंख्य नाम हैं। सत्य सनातन वैदिक धर्म में सर्वव्यापक परमात्मा के अनेक गुणवाचक नामों में से एक नाम गणेश है। प्रकृत्यादि जड़ और सब जीवजगत का स्वामी व पालन करने वाला होने से ईश्वर का नाम 'गणेश' या 'गणपति' है।

गणेश का उल्लेख ऋग्वेद और यजुर्वेद में है।

गणानां त्वा गणपतिं हवामहे कविं कवीनामुपमश्रवस्तमम्। ज्येष्ठराजं ब्रह्मणां ब्रह्मणस्पत आ नः शृण्वन्नूतिभिः सीद सादनम्॥

**ऋग्वेद 2.23.1**

**भावार्थः** हे मनुष्यों! जैसे विद्वान लोग सबके अधिपति, सर्वज्ञ, सर्वव्यापी, अन्तर्यामी परमेश्वर की उपासना करते हैं। वैसे तुम भी सब गणों के स्वामी परमेश्वर की उपासना किया करो।

गणानां त्वा गणपतिं हवामहे प्रियाणां त्वा प्रियपतिं हवामहे निधिनां त्वा निधिपतिं हवामहे। वसो मम आहमजानि गर्भधमा त्वमजासि गर्भधमा।।

**यजुर्वेद 23.19**

**भावार्थ :** हे परमपिता परमात्मा आप समस्त समूहों के राजा हैं। हम आपकी प्रजा हैं इसलिए मैं आपको गणपति अर्थात् गणेश नाम से पुकार रहा हूं। आप प्रिय पदार्थों के पति हैं, आप समस्त धन सम्पत्तियों, खजानों आदि के स्वामी हैं। आप मेरे अर्थात् हम सबको वसाने वाले वसु हैं। आप जन्म आदि दोष से रहित हैं। मैं अपनी अविद्या को दूर फेंक दूं। हे प्रभु मैं समस्त प्रकृति को गर्भ में रखने वाले आप को जान सकूं। ऐसी आपसे विनम्र प्रार्थना है।

मंगल मूर्ति गणेश से मिलने वाली दिव्य प्रेरणाओं को ग्रहण कर जीवन को आनंदमय और मंगलमय बनाया जा सकता है। विनायक जीवन में सुख, समृद्धि और सफलता की राह दिखाते हैं। गणेश सनातन संस्कृति के सभी 33 कोटि देवी-देवताओं में सबसे पहले पूजे जाते हैं।

गणेश जी सृजन और कर्म के देवता हैं। महाकाव्य महाभारत का लीप्यांकन गणेश जी ने ही किया था। प्रजापिता ब्रह्मा जानते थे कि संसार में एकमात्र गणेश ही हैं जो बगैर त्रुटि के महाभारत का लेखन करने में महर्षि वेदव्यास के सहायक हो सकते हैं। गणेश जी ने महाभारत की दोष रहित रचना पूरी की। गणेशजी ने इस महाकाव्य की रचना कर लक्ष्य की सिद्धि हो जाने तक बिना विराम काम करने की सीख दी।

गणेश जी की चार भुजाएं चार पुरुषार्थ का रूप हैं। गणेश जी का गजमुख, वक्रतुंड, एकदंत, लंबोदर स्वरूप उनकी चार भुजाओं का प्रतीक है। चार भुजाओं में पाश, अंकुश, वरदहस्त तथा अभयहस्त हैं। पाश राग का तथा अंकुश क्रोध का संकेत है। उनका वरदहस्त कामनाओं को पूर्ण करने के लिए अनथक श्रम करने और अभयहस्त निर्भय रहने का संदेश देते हैं। गणेश जी दुष्टों का नाश कर सज्जनों की रक्षा के परम धर्म के पर्याय हैं। गणेश रूपी परमेश्वर ने ही देवता, मानव, नाग और वासु को स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल में स्थापित किया। उनके चार हाथ चार प्रकार के इन प्राणियों देवता, मानव, नाग और वासु के सम्यक विभाजन के संकेतक हैं।

भगवान गणेश के चतुर्भुज चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के प्रतीक हैं। इन्हें साधकर ही सच्चे अर्थों में अपने जीवन को सार्थक कर सकता है। धर्म के साथ ही गणेश अर्थ सिद्ध अर्थात रिद्धि-सिद्धि से संपन्न हैं। गृहस्थ होकर काम को सार्थक करते हैं और आनंददाता होकर मोक्ष के प्रदाता हैं। मनुष्य ही नहीं हर देवता की गृहस्थी में कुछ न कुछ मतभेद होते रहते हैं। यहां तक कि गणेश जी के पिता शिवजी से उनकी माता पार्वती और जगतपिता ब्रह्मा जी से उनकी पत्नी गायत्री सावित्री की यदा-कदा रूठ जाने की कथाएं मिल जाती हैं। लेकिन गणेश जी की गृहस्थी पूर्णतया आनंदमय रही। संभवतः गणेश जी अकेले ऐसे गृहस्थ हैं, जिनके दो पत्नियां रिद्धि और सिद्धि हैं और जिनकी गृहस्थी में सदैव आनंद ही आनंद प्रतीत होता है। रिद्धि ऐश्वर्य की व सिद्धि सामर्थ्य की प्रतीक हैं। ऐश्वर्य और सामर्थ्य दोनों की प्राप्ति होने पर निसंदेह आनंद ही आनंद रहेगा।

गणेशजी के दो पुत्र लाभ और क्षेम हैं। उनके पुत्र लाभ, जो अप्राप्त की प्राप्ति कराते हैं और दूसरे क्षेम प्राप्त की रक्षा करते हैं। आदर्श माता-पिता का दायित्व है कि वह लाभ और क्षेम जैसी संतान प्राप्ति के लिए अपने चहुंओर आनंदमय अनुकूल वातावरण रखें। इसका सीधा सकारात्मक असर संतान पर होता है।

सनातन संस्कृति में पांच देवताओं की उपासना का प्रावधान है। यह सभी पंच देव सृष्टि के कारक पांच महाभूतों से संबंधित हैं। शिव पृथ्वी तत्व के, विष्णु आकाश तत्व के, शक्ति अग्नि तत्व की, सूर्य वायु तत्व के और गणेश जी जल तत्व के देवता हैं। इसी कारण शिव की पार्थिव पूजा होती है और शक्ति की उपासना हवन द्वारा की जाती है। विष्णु की आराधना शब्द से होती है क्योंकि शब्द आकाश तक जाते हैं।

गणेश जी के जल तत्व के अधिपति होने के कारण ही उनकी सर्वप्रथम पूजा का विधान है। जल ही जीवन का आधार है और जल से ही जगत और जीवन की उत्पत्ति हुई है। धरती पर 70 प्रतिशत जल है और मनुष्य के शरीर में भी जल तत्व की प्रधानता है। गणेश जी जल की भांति निर्मल, पारदर्शी और तृप्तिदाता हैं। इस अर्थ में गणेश जी जीवन को जल की तरह तरल, सरल, निर्मल और सतत प्रवाहित रूप से प्रवाहित कर हैं। संतुष्ट रहने का संदेश देते हैं।

भगवान गणेश को शिव के गणों के अध्यक्ष होने के कारण गणाध्यक्ष भी कहा जाता है। परमपिता ने गणेश के रूप में अपने इस स्वरूप का निर्माण संभवतः मानव को जीवन कल्याण का तत्व ज्ञान देने के लिए किया है। गणेशजी का बड़ा मस्तक यह बताता है कि इंसान को अपनी सोच को हमेशा बड़ा रखना चाहिए। गणपति की छोटी आंख का मतलब है कि व्यक्ति को चिंतनशील होकर हर चीज का गहराई से अध्यन करके ही निर्णय करना चाहिए। भगवान गणेश के बड़े कान भाग्यशाली और दीर्घायु होने का प्रतीक माना जाता है। बड़े कान चौकन्ना रहकर सबकी सुनना और फिर अपनी बुद्धि और विवेक के आधार पर निर्णय लेने का संकेत करते हैं। गणेशजी के बड़े कान यह भी शिक्षा देते हैं कि ज्ञान की बात सुनें और बुरी बातों को तत्काल दूसरे कान से बाहर कर दें।

गणेशजी की सूंड हमेशा हिलती रहती है। इसका तात्पर्य है कि जीवन में हमेशा सक्रिय रहना चाहिए। लंबोदर गणेश का पेट खुशहाली का प्रतीक है। बड़े पेट का मतलब है कि अच्छी और बुरी बातों का समझें, सही पचा लें और फिर अपना निर्णय लें। एकदंत गणेश का एक दांत एक युद्ध में परशुराम ने अपने फरसे से काट दिया और गणेशजी ने उसी टूटे दांत से पूरा महाभारत ग्रंथ लिख दिया। एकदंत से यह शिक्षा मिलती है कि हमको हर चीज का सदुपयोग करना चाहिए। भगवान गणपति के प्रिय भोग मोदक आनंद, ज्ञान और मान का प्रतीक हैं। यह हमें सदैव सात्विक और शुद्ध रहकर जीवन का आनंद लेने का संदेश देता है।

गणेशजी ने अपने शस्त्र कुल्हाड़ी से गणपति ने अनेक राक्षसों का अंत किया है। हाथों में कुल्हाड़ी दर्शाती है कि इससे मनुष्य अपने क्रोध, लालच और बुराइयों को काट सकता है। भगवान गणपति ने चूहे को अपना वाहन बनाया है। इसका अर्थ है कि मनुष्य को अपनी इच्छाओं पर सवारी कर जीवन में सफलता अर्जित कर सकता है। प्रथम पूजनीय भगवान गणेश अपने एक हाथ से सभी को ज्ञान और सुख व शांति का आशीर्वाद देते हैं।



# लोकतंत्र

## हैप्पी बर्थ डे सचिन पायलट



राजस्थान की राजनीति में युवा नेता के रूप में अपनी पहचान रखने वाले सचिन पायलट केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व राज्य के उप मुख्यमंत्री जैसे पद संभाल चुके हैं। दौसा लोकसभा सीट जब सामान्य वर्ग की थी उस समय वे इस सीट से सांसद चुने गए। वर्ष 2008 में दौसा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हो गई तो वे अजमेर से सांसद चुने गए। राजस्थान विधानसभा में वे टोंक से विधायक है।

7 सितंबर 1977 को राजेश पायलट के पुत्र के रूप में जन्मे सचिन पायलट का युवाओं मे व्यापक प्रभाव है। पायलट राजस्थान सरकार में उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं। वे 15वीं लोकसभा के समय केंद्रीय मंत्रिमंडल में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रहे हैं। चौदहवीं लोकसभा में दौसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद रहे हैं। 2014 से 14 जुलाई 2020 तक राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने प्रदेश कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया।

सचिन पायलट किसान, गरीब, दलितों सहित युवा वर्ग सहित राजस्थान की आम जनता में बहुत लोकप्रिय हैं। भारत में केवल सचिन पायलट ही एकमात्र ऐसे नेता हैं जिसके लिए युवा वर्ग द्वारा लव यू, लव यू के नारे लगाए जाते हैं।

सचिन पायलट के पिता स्वर्गीय राजेश पायलट कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में से एक थे। पायलट की प्रारंभिक शिक्षा नई दिल्ली के एयर फोर्स बाल भारती स्कूल में हुई। उन्होंने अपनी स्नातक की डिग्री दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से हासिल की। इसके बाद पायलट ने अमरीका स्थित पेंसिलवानिया विश्वविद्यालय के व्हॉर्टन स्कूल से एमबीए की डिग्री भी हासिल की। सचिन ने अपनी आरम्भिक शिक्षा दिल्ली की आर्मी स्कूल से पूरी की। इसके बाद मैनेजमेंट की पढ़ाई इन्होंने अमरीका के पेन्सिल्वेनिया से की। वे एक राजनेता होने के साथ-साथ युवाओं के लिए आदर्श व मोटिवेशनल वक्ता भी हैं। इन्हें भारतीय राजनीति का नया रूप माना जाता हैं। जो इनके व्यक्तित्व में साफ झलकता है।

भारत लौटने पर सन् 2002 में अपने पिता के जन्मदिन 10 फरवरी को सचिन कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर एक बड़े किसान सभा का आयोजन भी किया गया। 13 मई 2004 को पायलट चौदहवीं लोकसभा के लिए दौसा सीट से चुने गए, जिसमें उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 1.20 लाख मतों से हराया। 26 साल की उम्र में वे भारतीय सांसद बनने वाले सबसे युवा व्यक्ति थे। पायलट केंद्र सरकार के गृह विभाग के स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके है। दिसंबर 2018 में राजस्थान विधानसभा चुनावों के पश्चात वे राजस्थान के 5वें उप मुख्यमंत्री भी बने। अशोक गहलोत से मतभेदों को लेकर 14 जुलाई 2020 को उन्हें उप मुख्यमंत्री व राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ना पड़ा। कांग्रेस की राजनीति में सचिन पायलट की चुनाव के समय पूरे देश मे प्रचारक के रूप में मांग रहती है।

**उमेन्द्र दाधीच**
**@ बिज़नेस रेमेडीज**

# लेख

# विघ्नहर्ता, शुभकर्ता गणेशजी बहुआयामी देवता हैं



## ललित गर्ग

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। प्राचीन काल से हिन्दू समाज कोई भी कार्य निर्विघ्न सम्पन्न करने के लिए उसका प्रारम्भ गणपति की पूजा से ही करता आ रहा है। प्रतिकूल, अशुभ, अज्ञान एवं दुःख से परेशान मनुष्य के लिये गणेश ही तारणहार है। वे सात्विक देवता हैं और विघ्नहर्ता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को सिद्धि विनायक भगवान गणेश का जन्म हुआ। गणेशोत्सव हिन्दुओं का एक उत्सव है। दरअसल गणेश सुख-समृद्धि, रिद्धि-सिद्धि, वैभव, आनन्द, ज्ञान एवं शुभता के अधिष्ठाता देव हैं। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। इसलिये वे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव है।

गणेश के रूप में विष्णु शिव-पार्वती के पुत्र के रूप में जन्म थे। उनके जन्म पर सभी देव उन्हें आशीर्वाद देने आए थे। विष्णु ने उन्हें ज्ञान का, ब्रह्मा ने यश और पूजन का, धर्मदेव ने धर्म तथा दया का आशीर्वाद दिया। शिव ने उदारता, बुद्धि, शक्ति एवं आत्म संयम का आशीर्वाद दिया। लक्ष्मी ने कहा कि जहां गणेश रहेंगे, वहां मैं रहूंगी।' सरस्वती ने वाणी, स्मृति एवं वक्तृत्व-शक्ति प्रदान की। सावित्री ने बुद्धि दी। त्रिदेवों ने गणेश को अग्रपूज्य, प्रथम देव एवं रिद्धि-सिद्धि प्रदाता का वर प्रदान किया। गणेशजी की आकृति विचित्र है, किन्तु इस आकृति के आध्यात्मिक संकेतों के रहस्य को यदि समझने का प्रयास किया जाये तो सनातन लाभ प्राप्त हो सकता है। क्योंकि गणेश अर्थात् शिव पुत्र अर्थात् शिवत्व प्राप्त करना होगा अन्यथा क्षेम एवं लाभ की कामना सफल नहीं होगी। गजानन गणेश की व्याख्या करें तो ज्ञात होगा कि 'गज' दो व्यंजनों से बना है। 'ग' प्रतीक है गति और गंतव्य का तो 'ज' जन्म अथवा उद्गम का प्रतीक है। अर्थात् गज शब्द उत्पत्ति और अंत का संकेत देता है-जहाँ से आये हो वहीं जाओगे। जो जन्म है वही मृत्यु भी है। ब्रह्म और जगत के यथार्थ को बनाने वाला ही गजानन गणेश है।

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं, वे सात्विक देवता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। महाराष्ट्र का गणेशोत्सव विशेष रूप से प्रसिद्ध है। हजारों स्थानों पर भारतीय कला और संस्कृति की भिन्न-भिन्न गणेश-छवियों के दर्शन होते हैं। रात्रि में सर्वत्र रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। अंतिम दिन बड़ी धूमधाम से गणेश-प्रतिमाओं का विसर्जन नदी तटों, सरोवरों अथवा समुद्र में किया जाता है। दिन-प्रतिदिन गणेश चतुर्थी को अधिक से अधिक भव्यता से मनाने का प्रचलन बढ़ता ही जा रहा है।



भारतीय संस्कृति एक ईश्वर की विशाल कल्पना के साथ अनेकानेक देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से फलती-फूलती रही है। सब देवताओं की पूजा से प्रथम गणपति की पूजा का विधान है। दरअसल गणेश सुख-समृद्धि, वैभव एवं आनंद के अधिष्ठाता हैं। बड़े एवं साधारण सभी प्रकार के लौकिक कार्यों का आरंभ उनके दिव्य स्वरूप का स्मरण करके किया जाता है। व्यापारी अपने बही-खातों पर 'श्री गणेशाय नमः' लिख कर नये वर्ष का आरंभ करते हैं। प्रत्येक कार्य का शुभारंभ गणपति पूजन एवं गणेश वंदना से किया जाता है। विवाह का मांगलिक अवसर हो या नए घर का शिलान्यास, मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव हो या जीवन में षोड्स संस्कार का प्रसंग, गणपति का स्मरण सर्वप्रथम किया जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार जो भक्ति-पूर्वक गणेश की पूजा-अर्चना करता है, उसके सम्मुख विघ्न कभी नहीं आते। गणपति गणेश अथवा विनायक सभी शब्दों का अर्थ है देवताओं का स्वामी अथवा अग्रणी।

गणेशजी की सम्पूर्ण शारीरिक रचना के पीछे भगवान शिव की व्यापक सोच रही है। एक कुशल, न्यायप्रिय एवं सशक्त शासक एवं देव के समस्त गुण उनमें समाहित किये गये हैं। गणेशजी का गज मस्तक हैं अर्थात् वह बुद्धि के देवता हैं। वे विवेकशील हैं। उनकी स्मरण शक्ति अत्यन्त कुशाग्र हैं। हाथी की भ्रांति उनकी प्रवृत्ति प्रेरणा का उद्गम स्थान धीर, गंभीर, शांत और स्थिर चेतना में है। हाथी की आंखें अपेक्षाकृत बहुत छोटी होती हैं और उन आँखों के भावों को समझ पाना बहुत कठिन होता है। दरअसल गणेश तत्ववेत्ता के आदर्श रूप हैं। गण के नेता में गुरुता और गंभीरता होनी चाहिए। उनके स्थूल शरीर में वह गुरुता निहित है। उनका विशाल शरीर सदैव सतर्क रहने तथा सभी परिस्थितियों एवं कठिनाइयों का सामना करने के लिए तत्पर रहने की भी प्रेरणा देता है। उनका लंबोदर दूसरों की बातों की गोपनीयता, बुराइयों, कमजोरियों को स्वयं में समाविष्ट कर लेने की शिक्षा देता है तथा सभी प्रकार की निंदा, आलोचना को अपने उदर में रख कर अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। छोटा मुख कम, तर्कपूर्ण तथा मृदुभाषी होने का द्योतक है।

गणेश का व्यक्तित्व रहस्यमय हैं, जिसे पढ़ पाना एवं समझ पाना हर किसी के लिये संभव नहीं है। शासक भी वही सफल होता है जिसके मनोभावों को पढ़ा और समझा न जा सके। इस प्रकार अच्छा शासक वही होता है जो दूसरों के मन को तो अच्छी तरह से पढ़ ले परन्तु उसके मन को कोई न समझ सके। दरअसल वे शौर्य, साहस तथा नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। उनके हेरांब रूप में युद्धप्रियता का, विनायक रूप में यक्षों जैसी विकरालता का और विघ्नेश्वर रूप में लोकरंजक एवं परोपकारी स्वरूप का दर्शन होता है। गण का अर्थ है समूह। गणेश समूह के स्वामी हैं इसीलिए उन्हें गणाध्यक्ष, लोकनायक, गणपति आदि नामों से पुकारा जाता है।

गज मुख पर कान भी इस बात के प्रतीक हैं कि शासक जनता की बात को सुनने के लिए कान सदैव खुले रखें। यदि शासक जनता की ओर से अपने कान बंद कर लेगा तो वह कभी सफल नहीं हो सकेगा। शासक को हाथी की ही भांति शक्तिशाली एवं स्वाभिमानी होना चाहिए। अपने एवं परिवार के पोषण के लिए शासक को न तो किसी पर निर्भर रहना चाहिए और न ही उसकी आय के स्रोत ज्ञात होने चाहिए। हाथी बिना झुके ही अपनी सूँड की सहायता से सब कुछ उठा कर अपना पोषण कर सकता है। शासक को किसी भी परिस्थिति में दूसरों के सामने झुकना नहीं चाहिए। गणेशजी के पैर छोटे हैं जो कर्मेन्द्रिय के सूचक और सत्व गुणों के प्रतीक हैं। मूषक गणपति का वाहन है जो चंचलता एवं दूसरों की छिद्रान्वेषण की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने का प्रेरक है। गणेशजी की चार भुजाएँ चार प्रकार के भक्तों, चार प्रकार की सृष्टि और चार पुरुषार्थों का ज्ञान कराती है।

गणेशजी को प्रथम लिपिकार माना जाता है उन्होंने ही देवताओं की प्रार्थना पर वेद व्यासजी द्वारा रचित महाभारत को लिपिबद्ध किया था। अनंतकाल से अनेक नामों से गणेश दुख, भय, चिन्ता इत्यादि विघ्न के हरणकर्ता के रूप में पूजित होकर मानवों का संताप हरते रहे हैं। वर्तमान काल में स्वतंत्रता की रक्षा, राष्ट्रीय चेतना, भावनात्मक एकता और अखंडता की रक्षा के लिए गणेशजी की पूजा और गणेश चतुर्थी के पर्व का उत्साहपूर्वक मनाने का अपना विशेष महत्व है।

ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियां हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण ही गणेशजी की मानव-जाति सदा ऋणी रहेगी। आज के शासनकर्ताओं को गणेश के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है।

## सदस्यता कूपन




**(केवल डाक या ई-मेल से प्राप्त करने के लिए)**

| अवधि | अंक | सदस्यता शुल्क |
|---|---|---|
| 1 वर्ष | 358 | 1050 |

E-mail
remediesbusiness@gmail.com

नामः ..........

पताः ..........

..........पिनकोड..........

फोनः.......... मो. ..........

ड्राफ्ट/चैक का विवरणः ..........

ई-मेलः ..........

बिजनेस रेमेडीज प्राप्त करने के लिए सदस्यता शुल्क बैंक अकाउंट में जमा कराये या सदस्यता फार्म भरकर चैक/डीडी के साथ कार्यालय पर भिजवायें।
Bank Account:- Business Remedies
A/c No. 61233949765 Bank Name: SBI

पताः- 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020
फोनः- 9166611333, 9929106227

#साधारण डाक द्वारा बिजनेस रेमेडीज की डिलीवरी में अनियमितता होने पर बिजनेस रेमेडीज प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

कोरियर सुविधा

कोरियर के द्वारा बिजनेस रेमेडीज मंगवाने पर अतिरिक्त शुल्क लगेगा।

# जलवायु परिवर्तन से विनाशकारी स्थिति पैदा हो रही, भारत के 85 प्रतिशत से अधिक जिले चक्रवात, बाढ़, सूखा और लू की आशंका से ग्रस्त : आईपीई ग्लोबल व एसरी इंडिया अध्ययन

बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली

जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को लेकर आईपीई-ग्लोबल और एसरी इंडिया द्वारा आज जारी एक स्वतंत्र अध्ययन में चौकाने वाले रुख सामने आए हैं। इस अध्ययन के मुताबिक, 85 प्रतिशत से अधिक भारतीय जिले बाढ़, सूखा, चक्रवात और लू संभावित हैं जिसमें से 45 प्रतिशत में अदला-बदली का रुख दर्ज किया जा रहा है। हाल के दशकों में जलवायु की चरम सीमा में बारंबारता, तीव्रता और अनिश्चितता भी चार गुना तक बढ़ी है। एक पेटेंटशुदा डेकाडल विश्लेषण का उपयोग कर इस अध्ययन में स्पैटियल एवं टेंपोरल मॉडलिंग के जरिए 1973 से 2023 तक की अवधि में चरण जलवायु घटनाओं की एक सूची तैयार की गई है और यह अनुसंधान इन घटनाओं की जटिलताओं और गैर रैखिक रुझान एवं स्वरूप खंगालते हुए एक विस्तृत जिला वार आकलन उपलब्ध कराता है। पिछले एक दशक में जलवायु की इन चरम स्थितियों में पांच गुना वृद्धि दर्ज की गई है। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि भारतीय जिलों की कुल मिलाकर जलवायु जोखिम का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। इस अध्ययन को एसरी इंडिया और इसकी साझीदार आईपीई ग्लोबल द्वारा क्लाइमेट टेक्नोलॉजी समिट के पूर्ण सत्र में लांच किया गया था जिसका शीर्षक था ÷जलवायु जोखिमों को घटना के लिए जीआईएस टेक्नोलॉजी का उपयोग। दुनिया, जलवायु सप्ताह, एनवाईसी, अमेरिका के लिए कमर कस रही है जहां उद्योगपतियों, राजनेताओं के जलवायु कार्य प्रतिबद्धताओं पर चर्चा करने की संभावना है।

एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेंद्र कुमार ने कहा, कि जलवायु परिवर्तन झेलने की क्षमता निर्माण के लिए जलवायु अनुकूलन और शमन दृष्टिकोण दोनों का एक नाजुक संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है। चाहे वह नीतिगत हस्तक्षेप हो या प्रभावी नियोजन हस्तक्षेप की दृष्टि से प्रकृति आधारित समाधान, प्रौद्योगिकीय समाधान या सामाजिक समाधान हो, भावी जलवायु अनुमानों की समझ के लिए भूगोल प्रमुख घटक है। उन्नत स्पैटियल एनालिसिस टूल्स के साथ जीआईएस टेक्नोलॉजी और विभिन्न डेटा को एकीकृत करने के सामर्थ्य से इस भौगोलिक विज्ञान का दृष्टिकोण बनता है। जीआईएस टेक्नोलॉजी पहले से ही विभिन्न पर्यावरणीय पहल, आपदा झेलने के कार्यक्रमों, आधारभूत ढांचा, जनोपयोगी सेवाओं, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और स्मार्ट सिटीज़, राष्ट्रीय जल मिशन और स्वच्छ गंगा जैसे मिशनों का मुख्य आधार है। जलवायु जोखिम वेधशाला के साथ नाजुक क्षेत्रों के नक्शे, ऐप्स और डेटा जैसे जीआईएस-संचालित समाधानों से भागीदारों को जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रवार प्रभाव को बेहतर ढंग से समझने और अधिक लचीले भविष्य का निर्माण करने में मदद मिलने की संभावना है।

आईपीई ग्लोबल में जलवायु परिवर्तन एवं टिकाऊ व्यवस्था के प्रमुख और इस अध्ययन के लेखक अबिनाश मोहंती ने कहा कि प्रलयंकारी जलवायु चरण स्थिति के मौजूदा रुख से हर 10 में से 9 भारतीय चरम जलवायु घटनाओं का सामना कर रहे हैं और पिछली शताब्दी में तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस बढ़ने का यह परिणाम है। अल नीनो गति पकड़ रहा है और पूरी दुनिया में इसकी समय से पहले उपस्थिति महसूस की जा रही है जिसमें भारत को लू से कहीं अधिक पैटर्न में चरम घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में अनियमित और निरंतर बारिश की वजह से केरल में भूस्खलन की घटना, गुजरात में बाढ़, ओम पर्वत के हिम की परत का गायब होना और भारी बारिश से शहरों की व्यवस्था पंगु होना, जलवायु परिवर्तन का एक प्रमाण है। हमारा अनुमान है कि 1.47 अरब से अधिक भारतीय वर्ष 2036 तक जलवायु की चरण स्थिति से अधिक प्रभावित होंगे और यह संख्या अपने चरम पर है। हाइपर-ग्रैनुलर रिस्क असेसमेंट को अपनाना और जलवायु जोखिम वेधशालाओं एवं आधारभूत जलवायु कोष की स्थापना एक राष्ट्रीय अनिवार्यता होनी चाहिए जिससे कृषि, उद्योग एवं वृहद स्तर की ढांचागत परियोजनाओं जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन की अनियमितताओं बचाकर भारतीय अर्थव्यवस्था की सुरक्षा की जा सके। बिहार, आंध्र प्रदेश, ओड़िशा, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और असम में 60 प्रतिशत से अधिक जिलों में अधिक चरण जलवायु घटनाएं दर्ज की जा रही हैं।

आईपीई ग्लोबल अध्ययन में पाया गया कि पूर्वी जोन के जिलों में अत्यधिक बाढ़ का अधिक खतरा है जिसके बाद पूर्वोत्तर और दक्षिण जोन में यह खतरा है। सभी भारतीय जिलों में अत्यधिक बाढ़ की घटनाओं में 4 गुना बढ़ोतरी हुई है। ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन, अनियोजित परिदृश्य और अस्थिर मानव केंद्रित गतिविधियां, इन जलवायु की चरण स्थितियों और इनकी संभावनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। इस अध्ययन में क्षेत्र विशेष जिले पाए गए हैं। इस अध्ययन के तथ्यों से पता चलता है कि सूखे की घटनाओं विशेषकर कृषि एवं मौसमीय सूखे में दो गुना की वृद्धि और चक्रवात की घटनाओं में चार गुना की वृद्धि हुई है। आईपीई ग्लोबल के संस्थापक और प्रबंध निदेशक अश्वजीत सिंह ने कहा कि जहां भारत के प्रति व्यक्ति कार्बन डाय ऑक्साइड उत्सर्जन वैश्विक औसत का एक तिहाई हैऔर अमेरिका व चीन जैसे विकसित देशों का एक अंश है, यह जलवायु परिवर्तन की सबसे अधिक मार झेल रहा है। जलवायु 'कोड रेड' है और जोखिम कई गुना है जो पहले से मौजूद चुनौतियों को और खराब बनाता है। यूएन एसडीजी सूचकांक पर विश्व की प्रगति काफी अपर्याप्त रहने के साथ जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक आपातकाल है जोकि टिकाऊ विकास के साथ अटूट ढंग से जुड़ा हुआ है।

# सोने व चांदी के वायदा कारोबार में तेजी का रूख

बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली

सोने व चांदी के वायदा कारोबार में शुक्रवार को तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 71,950 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 85,000 रुपये के पार कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेजी के साथ हुई।

**सोने के वायदा भाव चढ़े :** सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट आज 44 रुपये की तेजी के साथ 71,961 रुपये के भाव पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 53 रुपये की तेजी के साथ 71,970 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 71,988 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,956 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 74,471 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

**चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले :** चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 130 रुपये की तेजी के साथ 85,056 रुपये पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 45 रुपये की तेजी के साथ 85,01 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 85,056 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 84,951 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव तेज :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। Comex पर सोना 2,547.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,543.10 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 4.10 डॉलर की तेजी के साथ 2,547.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# महिंद्रा ने नई दिल्ली में सीबीजी-संचालित ट्रैक्टर तकनीक का प्रदर्शन किया

बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली




भारत के अग्रणी ट्रैक्टर ब्रांड महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार नितिन गडकरी की उपस्थिति में नई दिल्ली में अपना पहला सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो-गैस) संचालित युवो टेक+ ट्रैक्टर प्रदर्शित किया।

कंप्रेस्ड प्राकृतिक गैस का उपयोग करके महिंद्रा सीबीजी संचालित ट्रैक्टर प्रदूषकों और कार्बन उत्सर्जन को कम करते हुए, ट्रैक्टर टेक्नोलॉजी में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। जीवाश्म ईंधन पर निर्भर सीएनजी की तुलना में कंप्रेस्ड बायो-गैस एक हरा, नवीकरणीय ईंधन है जो टिकाऊ है और जीवाश्म ईंधन पर कम निर्भरता सुनिश्चित करता है। इसका उत्पादन तब होता है जब बायोडिग्रेडेबल सामग्री, जैसे कि कृषि भोजन और अन्य कचरे टूट जाते हैं। महिंद्रा का युवो टेक + सीबीजी ट्रैक्टर मजबूत शक्ति और प्रदर्शन प्रदान करते हुए खेती और ढुलाई कार्यों को संभालने की क्षमता के साथ पारंपरिक डीजल ट्रैक्टर तकनीक के बराबर परिचालन शक्ति और प्रदर्शन सुनिश्चित करता है। महिंद्रा का नया सीबीजी ट्रैक्टर सभी भारतीय मानकों को पूरा करने वाले कड़े मानदंडों पर आधारित है। पर्यावरण-अनुकूल टिकाऊ टेक्नोलॉजी समाधानों को बढ़ावा देने की दिशा में कंपनी के दृष्टिकोण के आधार पर, सीबीजी ट्रैक्टर तकनीक का लक्ष्य कृषक समुदाय और पर्यावरण दोनों को लाभ पहुंचाना है। महिंद्रा ने नवीन और टिकाऊ उत्पादों की शुरूआत के माध्यम से कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने का नेतृत्व करना जारी रखा है, पिछले कुछ वर्षों में सीएनजी ट्रैक्टर, एलपीजी ट्रैक्टर और दोहरे ईंधन ट्रैक्टर तकनीक जैसी वैकल्पिक ईंधन ट्रैक्टर प्रौद्योगिकियों का भी प्रदर्शन किया है।

# डीजेआईएमई नीमराना ने भूमि पूजन समारोह के साथ नए छात्रावास का भूमि पूजन किया

बिज़नेस रेमेडीज/नीमराना



एक गैर-लाभकारी शैक्षणिक संस्थान दाइकिन जापानी विनिर्माण उत्कृष्टता संस्थान (डीजेआईएमई) ने पारंपरिक भूमि पूजन समारोह के साथ अपने नए छात्रावास निर्माण की शुरुआत का जश्न मनाया। यह विकास नीमराना में अपने शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में डी. जे. आई. एम. ई. का एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस कार्यक्रम में डी. ई. एस. डी. एस. (डी. जे. आई. एम. ई.) के अध्यक्ष कंवलजीत जावा और ताकेनाका निगम के उप प्रबंध निदेशक माकोटो कोंडो ने भाग लिया, जिन्होंने इस ऐतिहासिक साझेदारी को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नया छात्रावास आधुनिक आवास प्रदान करने और देश भर के छात्रों के लिए एक इष्टतम सीखने के वातावरण को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। भूमि पूजन, भारतीय संस्कृति में एक पवित्र अनुष्ठान, पृथ्वी से आशीर्वाद लेने और निर्माण परियोजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए किया गया था। समारोह में विशिष्ट अतिथियों, संकाय सदस्यों और छात्रों ने भाग लिया, जो इस महत्वपूर्ण अवसर को देखने के लिए एक साथ आए थे।

डी. ई. एस. डी. एस. (डी. जे. आई. एम. ई) के अध्यक्ष कंवलजीत जावा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमारे छात्रावास निर्माण की शुरुआत के साथ डी. जे. आई. एम. ई. के लिए एक नया अध्याय है। शिक्षक दिवस पर भूमि पूजन हमारे शिक्षकों के लिए एक उपयुक्त श्रद्धांजलि है, जिनके मार्गदर्शन और समर्पण ने अनगिनत छात्रों के जीवन को आकार दिया है। यह नया छात्रावास हमारे छात्रों को सर्वोत्तम संभव सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक कदम है, यह सुनिश्चित करते हुए कि उन्हें अकादमिक और व्यक्तिगत रूप से फलने-फूलने के लिए आवश्यक समर्थन प्राप्त हो।

ताकेनाका निगम के उप प्रबंध निदेशक माकोटो कोंडो ने इस भावना को दोहराते हुए कहा, कि हम नए छात्रावास की प्रगति को देखकर उत्साहित हैं और डीजेआईएमई की यात्रा का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। यह उपयुक्त है कि यह मील का पत्थर शिक्षक दिवस के साथ मेल खाता है, क्योंकि यह शिक्षा के महत्व और इसे संभव बनाने वाले समर्पित व्यक्तियों पर प्रकाश डालता है। भूमि पूजन समारोह उसी दिन आयोजित किया गया था जिस दिन शिक्षक दिवस था। कार्यक्रम का उत्तरार्ध शिक्षकों को सम्मानित करने और विनिर्माण क्षेत्र में भविष्य के नेताओं को आकार देने में उनके अमूल्य योगदान का जश्न मनाने के लिए समर्पित था। डीजेआईएमई ने इस अवसर पर अपने प्रशिक्षकों के समर्पण और कड़ी मेहनत को पहचाना जो छात्र के विकास और सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

20, 000 वर्ग फुट में फैले नए छात्रावास को लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग वर्गों के साथ 200 से अधिक छात्रों को समायोजित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें विशाल कमरे, मनोरंजन क्षेत्र और एक अच्छी तरह से सुसज्जित कैफेटेरिया सहित आधुनिक सुविधाएं होंगी, जो सीखने और रहने दोनों के लिए एक आदर्श वातावरण को बढ़ावा देगी।

# विकास और सुरक्षा के मॉडल में ही यूपी का उज्ज्वल भविष्य : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

बिज़नेस रेमेडीज/ गोरखपुर/आईएएनएस

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखपुर पहुंचे। यहां उन्होंने पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के सोनबरसा में 635 करो? रुपये की लागत वाली पांच विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज पूरी दुनिया में भारत की तूती बोलती है। भारत की पहचान पूरी दुनिया में विकास के एक मॉडल के रूप में बनी है। देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। विकास और सुरक्षा का मॉडल ही वर्तमान और भावी पीढ़ी को उज्जवल भविष्य के मार्ग पर आगे बढ़ाएगा और इसका लाभ अनंत काल तक प्राप्त होगा। सरकार के विकास प्रस्तावों में विध्न डालने की वजह विकास का सहभागी बनना चाहिए क्योंकि इसी में पीढ़ियों का भविष्य जुड़ा है इसलिए विकास का सिलसिला निरंतर आगे बढ़ना चाहिए।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रदेश और गोरखपुर के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि जब विकास होगा तभी उद्यमिता बढ़ेगी। स्थानीय युवा उद्यमी बन पाएंगे। उन्होंने युवाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए दो चरणों में ब्याज मुक्त लोन देने की व्यवस्था कर दी है। पहले चरण में 5 लाख और दूसरे चरण में 10 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत लोन लेने वाले युवाओं को बैंकों को सिर्फ मूल पूंजी वापस करनी होगी, ब्याज का पैसा सरकार चुकता करेगी।

जानकारी के अनुसार सीएम योगी ने आगे कहा कि आज बालापार, टिकरिया और आसपास क्षेत्र के लोगों के लिए रेल ओवर ब्रिज का लोकार्पण किया गया है। इसके साथ ही बालापार, टिकरिया से लेकर गांगी तक फोरलेन सड़क का शिलान्यास किया गया है। इससे इस क्षेत्र के लोगों का जीवन बहुत आसान हो जाएगा। आधे घंटे की दूरी अब पांच मिनट में पूरी हो जाएगी। फोरलेन निर्माण के लिए उन्होंने निर्देश दे दिया है कि फोरलेन बनने के दौरान मकान नहीं टूटने चाहिए, भले ही फोरलेन का नक्शा बदलना पड़े। इसके साथ ही सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा देने के निर्देश भी दिए गए हैं। सोनबरसा में नया थाना बन जाने से लोगों की सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रामीणों से कहा कि वे जमीन के मुआवजे के पैसे से दूरदराज के क्षेत्र में खेत खरीदें और नया काम भी शुरू करें। इससे आने वाली पीढ़ी खुशहाल बनेगी।

सीएम योगी ने इस दौरान बालापार-टिकरिया-गांगी बाजार मार्ग के फोरलेन में चौड़ीकरण (लागत 519.62 करोड़), रिपोर्टिंग पुलिस चौकी सिकटौर को उच्चीकृत कर थाना सिकटौर सोनबरसा हेतु प्रशासनिक व आवासीय भवनों (लागत 26.56 करोड़) के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया।

# सोयाबीन के भाव सुधरे, सप्ताह भर में भाव 500 रुपये बढ़े भाव

बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली

पिछले महीने सोयाबीन के भाव काफी गिरने के बाद किसान सड़क पर उतर आए हैं और सोयाबीन के भाव 6,000 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग कर रहे हैं। किसानों प्रदर्शन और उनकी मांग का असर अब दिखने लगा है। सप्ताह भर में सोयाबीन कीमतों में तेजी आई है। हालांकि सोयाबीन के भाव अभी भी इसके न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे हैं।

पिछले महीने के आखिरी सप्ताह में सबसे बड़े सोयाबीन उत्पादक राज्य मध्य प्रदेश में सोयाबीन के भाव 4,100 रुपये तक गिर गए थे। लेकिन इसके बाद अब सप्ताह भर में सोयाबीन के भाव बढ़कर 4,600 से 4,700 रुपये हो चुके हैं। महाराष्ट्र और राजस्थान की मंडियों में भी सोयाबीन कीमतों में इजाफा हुआ है। महाराष्ट्र में प्लांट डिलीवरी के भाव बढ़कर 4,800 रुपये क्विंटल पहुंच चुके हैं। हालांकि ये भाव अभी भी सोयाबीन के एमएसपी से कम है। सोयाबीन का एमएसपी 4,892 रुपये प्रति क्विंटल है।

**सोयाबीन की कीमतों में क्यों आई तेजी :** सोयाबीन के भाव एमएसपी से काफी नीचे गिर जाने के बाद किसान इसके विरोध में सड़कों पर उतर आए। मध्य प्रदेश के सोयाबीन किसान ने बताया कि पिछले महीने सोयाबीन के भाव गिरकर एमएसपी से 600 से 700 रुपये क्विंटल नीचे चले गए थे। इसके बाद किसानों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और सरकार से सोयाबीन के भाव 6,000 रुपये क्विंटल करने की मांग को लेकर अभी भी प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों के इस प्रदर्शन के बाद सोयाबीन प्लांट वालों ने भाव 500 रुपये बढ़ा दिए हैं।

कमोडिटी विश्लेषक ने कहा कि बाजार में खाद्य तेलों के आयात पर शुल्क बढ़ाने की खबर चल रही है। इससे भी सोयाबीन की कीमतों में तेजी को बल मिला है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने कुछ राज्यों में एमएसपी पर सोयाबीन की खरीद करने की घोषणा की है। इससे भी सोयाबीन की कीमतों में सुधार को बल मिल सकता है। हालांकि काशिव कहते हैं कि सरकार ने महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना में एमएसपी पर सोयाबीन खरीदने का निर्णय लिया है। लेकिन सोया प्रदेश कहे जाने वाले मध्य प्रदेश में इसकी घोषणा नहीं की है।

# वर्ल्ड ईवी डे पर ग्रीनसेल मोबिलिटी ने 2070 तक शून्य-उत्सर्जन को लेकर भारत का वादा पूरा करने के लिये अपनी प्रतिबद्धता मजबूत की

बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली



देवेन्द्र चावला, एमडी एवं सीईओ, ग्रीनसेल मोबिलिटी


जलवायु परिवर्तन आज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है और इसमें ट्रांसपोर्ट सेक्टर का बड़ा योगदान है। बसें भारत की जन-साधारण परिवहन प्रणाली की रीढ़ हैं, लेकिन इन सभी गाड़ियों में इलेक्ट्रिक बसों का योगदान केवल 1 प्रतिशत है। डीजल से चलने वाली मौजूदा बसों को इलेक्ट्रिक में बदलने से कार्बन का उत्सर्जन काफी कम होगा, यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी और कुल मिलाकर शहरों में होने वाले प्रदूषण में कमी आएगी।

ग्रीनसेल मोबिलिटी भारत में शहरों के अंदर और बाहर की यात्रा को इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने का काम कर रही है। हम इलेक्ट्रिक मोबिलिटी-एज-अ-सर्विस (ई-एमएएएस) देने के लिये एक प्लेटफॉर्म बना रहे हैं और साझा परिवहन की मांग के आधार पर प्रदूषण-रहित प्रस्ताव के लिये काम कर रहे हैं। हम इलेक्ट्रिक यातायात के लिये एक विस्तृत परितंत्र बना रहे हैं। इसमें चार्जिंग के लिये हमारा अपना बुनियादी ढांचा, बस डिपो, रख-रखाव की सुविधाएं और गेस्ट लॉन्जेस शामिल हैं। अपनी शुरूआत के बाद से हमारी इलेक्ट्रिक बसों ने 130 मिलियन किलोग्राम से ज्यादा $CO_2$ का उत्सर्जन टाला है। NueGo भी भारत का सबसे बड़ा इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस ब्रैंड बनकर उभरा है। NueGo ने दो साल में ही 45 मिलियन किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय किया है, वह भी उत्सर्जन के बिना और 110+ शहरों के 5 मिलियन से अधिक यात्रियों ने उसके माध्यम से यात्रा की है।

हम बसों को इलेक्ट्रिक बनाने की कोशिश कर रहे हैं, यानी इन्हें बिजली से चलाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा करने से प्रदूषण कम होगा और हमारी धरती साफ-सुथरी रहेगी। हम शून्य उत्सर्जन वाला भविष्य बनाएंगे। हमारी सरकार और सभी हितधारक भी इस काम में हमारी मदद कर रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि भारत दुनिया में इलेक्ट्रिक वाहनों का सबसे बड़ा देश बनेगा। इलेक्ट्रिक वाहन जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये हमारी साझा जिम्मेदारी का प्रमाण हैं। यह भविष्य की पीढ़ियों के लिये हमारी धरती को अधिक स्वच्छ और हरा-भरा बनाने में मदद करेंगे।

# रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन के साथ युद्ध समाप्त करने के प्रयासों के लिए भारत की तारीफ की

**बिज़नेस रेमेडीज/व्लादिवोस्तोक/आईएएनएस**



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि यूक्रेन के नेता 'एलियंस' जैसे लगते हैं, जो लोगों की पीड़ा की परवाह किए बिना क्रूर निर्णय लेते हैं। उन्होंने भारत जैसे मित्रों और साझेदारों की प्रशंसा की, जो संघर्ष को हल करना चाहते हैं।

आरटी की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी आर्थिक मंच (ईईएफ) के पूर्ण अधिवेशन में उन्होंने कहा कि मुझे कभी-कभी ऐसा लगता है कि यूक्रेन पर शासन करने वाले लोग एलियंस या विदेशियों की तरह हैं। वे नहीं सोचते, उनका नुकसान बहुत बड़ा है। मैं यह भी नहीं समझ सकता कि वे आगे क्या करेंगे। रूस के राष्ट्रपति ने याद दिलाया कि संघर्ष की शुरुआत के तुरंत बाद इस्तांबुल वार्ता के दौरान उनका देश और यूक्रेन एक शांति समझौते पर पहुंच गए थे। उन्होंने पश्चिमी शक्तियों पर इन प्रयासों को पटरी से उतारने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों में यूक्रेन के व्यवहार पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि कीव का एकमात्र विकल्प सेना में भर्ती की अधिकतम आयु को एक बार फिर से कम करना है और इससे उन्हें बच्चों को भर्ती करने की अनुमति मिलेगी, जैसा कि जर्मन नाज़ियों ने हिटलर यूथ के साथ किया था। यह बात उन्होंने इस संदर्भ में कही कि कैसे एडोल्फ हिटलर के शासन ने द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम चरण में किशोरों को अस्थायी मिलिशिया में शामिल होने के लिए मजबूर किया था, जब मित्र राष्ट्र जर्मन क्षेत्र में आगे बढ़ रहे थे। पुतिन ने कहा कि लेकिन इससे समस्या हल नहीं होगी। यूक्रेन का अगला कदम छात्रों को सेना में भर्ती करना होगा, लेकि न इससे यूक्रेन बर्बादी की तरफ बढ़ेगा।वे वास्तव में देश के बारे में नहीं सोचते। वे इसे राष्ट्रवादी नारों से ढक देते हैं और लोगों को धोखा देते हैं।

यूक्रेन ने रूस के साथ संघर्ष शुरू होने के तुरंत बाद सैन्य नुकसान की भरपाई के लिए दो विधेयक पारित किए। इनमें से एक मसौदा तैयार करने की आयु 27 से घटाकर 25 वर्ष करना था, और दूसरा लामबंदी नियमों को काफी सख्त करना था। रूसी नेता ने यह भी कहा कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में घुसपैठ के बाद से यूक्रेनी सेना को हुई भारी क्षति के कारण उसकी सशस्त्र सेनाएं बेकार हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि पिछले महीने सीमा पार बड़े पैमाने पर हमला करके रूसी प्रगति को बाधित करने का यूक्रेनी प्रयास विफल हो गया। आरटी के अनुसार, पुतिन ने कहा किहमारी सेना ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया है और अब धीरे-धीरे सीमावर्ती क्षेत्रों से प्रतिद्वंद्वी को खदेड़ रही है।

# यूक्रेन ने एंड्री सिबिहा को देश का नया विदेश मंत्री नियुक्त किया

**बिज़नेस रेमेडीज/कीव/आईएएनएस**

यूक्रेनी संसद ने दिमित्रो कुलेबा की जगह एंड्री सिबिहा को देश का नया विदेश मंत्री नियुक्त करने के लिए मतदान किया है। लॉ मेकर ओलेक्सी होन्चारेंको ने इसकी जानकारी दी।

होन्चारेंको ने गुरुवार को टेलीग्राम पर कहा कि सिबिहा ने उपस्थित 315 सांसदों में से 258 का समर्थन हासिल किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले गुरुवार को संसद ने कुलेबा को बर्खास्त करने के लिए मतदान किया, जिन्होंने बुधवार को अपना इस्तीफा दे दिया था।

49 वर्षीय साइबिहा ने पहले राष्टपति कार्यालय के उप प्रमुख के रूप में कार्य किया था और अप्रैल में कुलेबा के डिप्टी बने। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के साथ युद्ध के अहम मोड़ पर हो रहे फेरबदल के बारे में कहा है कि देश को ÷नई ऊर्जा÷ की जरूरत है। सिबिहा, एक डिप्लोमैट रहे हैं और इन्होंने जेलेंस्की के कार्यालय में कई सालों तक काम किया। वह गुरुवार को नियुक्त किए जाने वाले 8 नए मंत्रियों में से एक हैं। आलोचकों ने कहा है कि यह फेरबदल राष्टपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक के साथ संबद्ध जेलेंस्की के वफादारों के एक छोटे समूह द्वारा सत्ता पर काबिज होने की कोशिश है। तुर्की में पूर्व राजदूत सिबिहा ने यरमैक के डिप्टी के रूप में भी काम किया था।

इसके साथ ही युद्ध के दौरान यूक्रेन की रेलवे को चालू रखने का काम करने वाले लोकप्रिय व्यक्ति अलेक्जेंडर कामिशिन को भी सामरिक उद्योग मंत्रालय से राष्टपति कार्यालय में स्थानांतरित किया जा रहा है। यूक्रेन पर रूसी हमलों के बीच बड़े स्तर पर हो रहे फेरबदल को लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। ये नियुक्तियां तब हुई हैं जब जेलेंस्की इस महीने के अंत में अमेरिका की यात्रा करने की तैयारी कर रहे हैं। जेलेंस्की ने बार-बार सहयोगियों से उन प्रतिबंधों को हटाने का आह्वान किया है जो कीव को रूस में

# कैंटन फेयर प्रमोशन बैठक में चीन-जर्मनी व्यापार संबंधों को बढ़ावा दिया

**बिज़नेस रेमेडीज/बीजिंग/आईएएनएस**

जर्मनी के बर्लिन में गुरुवार को 136वीं कैंटन फेयर प्रमोशन मीटिंग हुई, जिसमें चीनी और जर्मन राजनीतिक और व्यावसायिक क्षेत्रों से लगभग 100 प्रभावशाली हस्तियां शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में दोनों देशों में उद्यमों के बीच सहयोग के बढ़ते अवसरों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें आर्थिक और व्यापार विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया।

जानकारी के अनुसार जर्मन फेडरल एसोसिएशन फॉर इकोनॉमिक डेवलपमेंट एंड फॉरेन ट्रेड के अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि चीन जर्मनी के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार बना हुआ है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के आर्थिक और व्यापारिक संबंध एक मजबूत नींव पर बने हैं, जिसमें सहयोग वस्तुओं और सेवाओं से आगे बढ़कर प्रौद्योगिकी और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों तक फैला हुआ है।

उन्होंने आगे इस बात पर प्रकाश डाला कि कैंटन फेयर चीन और जर्मनी के बीच आर्थिक और व्यापार संबंधों को गहरा करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रस्तुत करता है। चीन विदेश व्यापार केंद्र के उप निदेशक चांग सिहोंग ने घोषणा की कि 136वां कैंटन फेयर 15 अक्टूबर को खुलने वाला है, जिसमें नई ऊर्जा वाहनों, स्मार्ट यात्रा, स्मार्ट विनिर्माण और औद्योगिक स्वचालन सहित उन्नत विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि 127 जर्मन कंपनियां पहले ही इसमें भाग ले चुकी हैं, जिससे चीन-जर्मनी आर्थिक और व्यापार सहयोग बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में इस मेले के महत्व पर जोर दिया गया।

# ईसीबी ने द हंड्रेड में निजी निवेश हासिल करने के लिए प्रक्रिया शुरू की

**बिज़नेस रेमेडीज/लंदन/आईएएनएस**

इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने द हंड्रेड में प्रतिस्पर्धा करने वाली आठ टीमों में निजी निवेश हासिल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

हाल ही में, ऐसी कई रिपोर्टें आई हैं जिनमें दावा किया गया है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ-साथ यूएसए की नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के कई फ्रेंचाइजी मालिक द हंड्रेड में पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं में खेलने वाली टीमों में हिस्सेदारी खरीदने की मांग कर रहे हैं। जबकि मेजबान टीमें 51 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेंगी, प्रत्येक पक्ष में शेष 49 प्रतिशत ईसीबी द्वारा निजी निवेश के लिए है। ओवल इनविंसिबल्स और लंदन स्पिरिट ने 18 अगस्त को लॉर्ड्स में पुरुष और महिला वर्ग में 2024 हंड्रेड फाइनल जीता।

द हंड्रेड में खेलने वाली अन्य टीमों में बर्मिंघम फीनिक्स, ट्रेंट रॉकेट्स, वेल्श फायर, सदर्न ब्रेव, नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स शामिल हैं। द हंड्रेड में निवेश की घोषणा 2025 में होने की उम्मीद है। डेलॉइट और राइन ग्रुप सह-प्रमुख वित्तीय सलाहकार के रूप में काम कर रहे हैं, जबकि लैथम एंड वॉटकिंस और ऑनसाइड लॉ एलएलपी को कानूनी सह-परामर्शदाता के रूप में भी नियुक्त किया गया है। प्रतिस्पर्धा अब फलने-फूलने के साथ, आने वाले निवेशक इसकी भविष्य की सफलता के लिए रणनीतिक साझेदार के रूप में कार्य करेंगे, दुनिया भर के प्रशंसकों और खिलाड़ियों के बीच द हंड्रेड की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए सर्वोत्तम श्रेणी का ज्ञान और विशेषज्ञता लाएंगे।

आने वाले महीनों में, ईसीबी संभावित भागीदारों की उपयुक्तता, उनके मूल्यों और रुचि की टीम के लिए उनकी महत्वाकांक्षाओं के साथ-साथ व्यापक प्रतिस्पर्धा का आकलन करने के लिए मेजबान काउंटी क्रिकेट क्लबों के साथ मिलकर काम करेगा। ईसीबी ने एक बयान में कहा कि बिक्री से प्राप्त आय को मनोरंजक और पेशेवर खेल में साझा किया जाएगा, जिससे इंग्लैंड और वेल्स में इसकी दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित होगी और महिला क्रिकेट और जमीनी स्तर के खेल के विकास को बरकरार रखा जाएगा। 2024 में, द हंड्रेड महिलाओं की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रशंसकों के लिए एक मिलियन का मील का पत्थर पार कर लिया गया और प्रतियोगिता ने एक बार फिर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल उपस्थिति का वैश्विक रिकॉर्ड तोड़ दिया, अकेले इस वर्ष 320,000 प्रशंसकों की उपस्थिति थी। इस प्रक्रिया को शुरू करने के अपने इरादे की घोषणा करने के बाद से, हमें वैश्विक स्तर पर निवेशकों के विविध मिश्रण से अभूतपूर्व रुचि मिली है। आने वाले महीनों में हमारी प्राथमिकता उन भागीदारों का चयन करना होगी जो द हंड्रेड के भविष्य के लिए हमारे जुनून और दृष्टिकोण को, प्रतियोगिता को अगले स्तर तक ले जाने की विशेषज्ञता के साथ, साझा करते हैं।



# म्यूचुअल फंड उद्योग के लिए बढ़ता बाजार है राजस्थान : निखिल रूंगटा

## शेयर बाजार में जारी निरंतर तेजी और कमाई में मजबूत वृद्धि से अधिक निवेशक म्यूचुअल फंड की ओर आकर्षित होंगे

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर**

राजस्थान, देश का एक ऐसा राज्य है जहां से बड़ी संख्या में उद्यमी आते हैं। इसके साथ ही यह कई गतिशील कारोबारी समुदायों का भी मूल राज्य है। डिजिटाइजेशन, इंटरनेट के प्रसार और वित्तीय साक्षरता के तेजी से बढ़ने से इस राज्य में म्यूचुअल फंड कारोबार के लिए बहुत अधिक संभावनाएं मौजूद हैं। एएमएफआई के जुलाई, 2024 तक के डेटा के मुताबिक, राजस्थान का एवरेज एसेट अंडर मैनेजमेंट (एएयूएम) 1.22 लाख करोड़ रुपये का है। जून, 2024 में 0.84 फीसदी की बाजार हिस्सेदारी के साथ एयूएम के लिहाज से राजस्थान को 10वां स्थान मिला था। एसेट मैनेजमेंट कंपनियां (एएमसी) इस क्षेत्र और विशेषकर जयपुर में कारोबार में वृद्धि की संभावनाओं को लेकर काफी अधिक आशान्वित हैं। जयपुर में पिछली कई शताब्दियों से ट्रेड और कॉमर्स का बोलबाला रहा है। इस समय, लोगों का झुकाव म्यूचुअल फंड जैसे बाजार से जुड़े उत्पादों की ओर ज्यादा है।



निखिल रूंगटा को-सीआईओ इक्विटी, एलआईसी म्यूचुअल फंड एएमसी

एलआईसी म्यूचुअल फंड के को-सीआईओ (इक्विटी) निखिल रूंगटा ने कहा, कि राजस्थान में व्यापार, वित्त और व्यवसाय की एक शानदार विरासत और संस्कृति रही है। यह म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए तेजी से बढ़ता हुआ बाजार है क्योंकि राज्य से नए म्यूचुअल फंड पंजीयन में काफी बढ़ोत्तरी देखने को मिली है, खासकर इंटरनेट और डिजिटाइजेशन के विस्तार के बाद. ना सिर्फ युवा बल्कि बड़ी संख्या में अधेड़ उम्र के लोग भी डिजिटल माध्यम से म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं। डिजिटलीकरण से बाजार का विस्तार काफी आसान हो गया है। रूंगटा ने कहा कि एलआईसी म्यूचुअल फंड की जयपुर में एक और राजस्थान में कुल दो शाखाएं हैं. यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और एक समर्पित टीम, नवोन्मेषी उत्पाद (इनोवेटिव प्रोडक्ट) और स्थानीय बाजारों की गहरी समझ के साथ हम काफी अधिक आशावादी हैं और कारोबार की वृद्धि को लेकर हम काफी सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। एएमएफआई के मुताबिक, 31 जुलाई 2024 तक के आंकड़े के मुताबिक राज्य में प्रति व्यक्ति म्यूचुअल फंड पेनेट्रेशन 15,610 रुपये है।

# पीएनबी क्रेडिट कार्ड ने पेश किया ज़ोमैटो और ब्लिंकिट यूज़र्स के लिए रोमांचक ऑफस

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, ने जोमैटो और ब्लिंकिट के साथ साझेदारी करते हुए पीएनबी क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए विशिष्ट आफरों का एलान किया है। ये विशेष ऑफर्स ग्राहकों के लिए डाइनिंग और फ़ूड डिलीवरी के अनुभव को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जो उनके पसंदीदा भोजन का आनंद लेते समय बचत व सुविधा देता हैं।

**आफर विवरण :**

**जोमैटो फ़ूड डिलीवरी :** 299 रुपये के न्यूनतम ऑर्डर मूल्य पर 100 रुपये तक की 15 प्रतिशत छूट का आनंद लें। यह ऑफ़र 30 सितंबर 2024 तक प्रति कार्ड प्रति माह दो बार मान्य है।

**जोमैटो डाइनिंग :** 2,000 रुपये के न्यूनतम ऑर्डर मूल्य पर 500 रुपये तक की 10त छूट का लाभ उठाएँ। यह ऑफर 30 सितंबर 2024 तक हर महीने हर कार्ड पर एक बार के लिए वैध है।

**ब्लिंकिट डिलीवरी :** 699 रुपये के न्यूनतम ऑर्डर मूल्य पर 250 रुपये तक की 15त छूट का आनंद लें। यह ऑफर 30 सितंबर 2024 तक हर महीने हर कार्ड पर एक बार के लिए वैध है।

# स्टार एलायंस मेम्बर्स एयरलाइनों ने स्कैंडिनेविया जाने वाले फ्रीक्वेंट फ़्लायर के लिए आकर्षक लॉयल्टी ऑफ़र किया पेश

**बिज़नेस रेमेडीज/गुरुग्राम**

दुनिया की अग्रणी वैश्विक एयरलाइन गठबंधन, स्टार एलायंस ने घोषणा की कि चुनिंदा मेम्बर एयरलाइनें स्कैंडिनेविया जाने वाले फ्रीक्वेंट फ़्लायर प्रोग्राम स्टेटस मैच/चैलेंज ऑफ़र पेश करती है। एसएएस यूरोबोनस सदस्य जो योग्य फ़्रीक्वेंट फ़्लायर स्टेटस रखते हैं, वे इसमें भाग ले सकते है और स्टार एलायंस सदस्य एयरलाइन के फ्रीक्वेंट फ़्लायर प्रोग्राम में समकक्ष स्टेटस का अनुरोध कर सकते हैं।

यह ऑफ़र उत्तरी यूरोप के उन ग्राहकों के लिए आकर्षक है जो स्टार एलायंस द्वारा पेश किए जाने वाले निर्बाध कनेक्टिविटी और बेजोड़ लॉयल्टी लाभ चाहते हैं. स्टार एलायंस की सदस्य एयरलाइनें दुनिया भर के 26 ठिकानों से स्कैंडिनेविया के लिए प्रति माह 3,650 से अधिक उड़ानें संचालित करती हैं, जो ग्राहकों को 1,070 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों के लिए कनेक्शन प्रदान करती हैं. यह किसी भी एयरलाइन गठबंधन द्वारा सबसे अधिक संख्या है।

स्टेटस मैच/चैलेंज अभियान में भाग लेने वाली एयरलाइनों में एयर कनाडा, एयर चाइना, एयर इंडिया, इथियोपियन एयरलाइंस, लुफ्थांसा ग्रुप एयरलाइंस, साउथ अफ्रीकन एयरवेज, टीएपी एयर पुर्तगाल, थाई, टर्किश एयरलाइंस और यूनाइटेड शामिल हैं। स्टेटस को समतुल्य गोल्ड और सिल्वर टियर में मैच किया जा सकता है, जैसा लागू हो। दुनिया के सबसे बड़े एयरलाइन गठबंधन के स्ट्रेटजी के वाइस प्रेसीडेंट रेनाटो रामोस ने कहा कि आज वैश्विक यात्री बेजोड़ नेटवर्क, अधिक लाउंज तक पहुंच और अधिक हवाई अड्डों पर लाभ चाहते हैं. अपनी 25 विश्व स्तरीय सदस्य एयरलाइनों के साथ, केवल स्टार एलायंस ही नॉर्डिक देशों में लगातार उड़ान भरने वाले यात्रियों को ये लाभ प्रदान करने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में है. हम ऐसे यात्रियों को आमंत्रित करते हैं, जो ग्लोबल कनेक्टिविटी को महत्व देते है। 18 स्टार एलायंस सदस्य एयरलाइनें स्कैंडिनेविया के लिए और वहाँ से सीधी उड़ानें प्रदान करती हैं, जिनमें एजियन एयरलाइंस, एयर कनाडा, एयर चाइना, एयर इंडिया, एएनए, ऑस्ट्रियन, ब्रुसेल्स एयरलाइंस, क्रोएशिया एयरलाइंस, इजिप्टएयर, इथियोपियन एयरलाइंस, लॉट पोलिश एयरलाइंस, लुफ्थांसा, सिंगापुर एयरलाइंस, स्विस, टैप एयर पुर्तगाल, थाई, टर्किश एयरलाइंस और यूनाइटेड शामिल हैं।

# केप्री लोन्स ने डेटा मैनेजमेंट में बड़ा बदलाव लाने और वास्तविक समय में मूल्यवान जानकारी प्राप्त करने के लिए डेटा जिनी एआई को लॉन्च किया

## एआई की मदद से डेटा मैनेजमेंट को बेहतर बनाने और ग्राहकों पर केंद्रित निर्णयों में तेज़ी लाने के लिए की गई पहल

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**


देश की प्रमुख नन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी, केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (केप्री लोन्स) ने आज बड़े गर्व के साथ डेटा जिनी के लॉन्च की घोषणा की है। यह एआई पर आधारित एक टूल है, जो यकीनन संगठन में हर स्तर पर डेटा मैनेजमेंट में बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाला है। यह टेक्नोलॉजी काफी इनोवेटिव है, जिसे डेटा को संभालने की जटिल प्रक्रिया को सहज बनाने और निर्णय लेने की प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ-साथ संचालन की क्षमता को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे अत्याधुनिक समाधानों के जरिये ग्राहकों को अव्वल दर्जे का अनुभव प्रदान करने के केप्री लोन्स के संकल्प को और मजबूती मिली है।

कंपनी ने डेटा जिनी को आंतरिक स्तर पर विकसित किया है, जो यूजर्स को उपयोग में बेहद आसान 'सर्च इंटरफ़ेस' के जरिये डेटा से संबंधित कोई भी सवाल पूछने में सक्षम बनाता है, और इस तरह वास्तविक समय में ऐसी मूल्यवान जानकारी प्राप्त होती है जिस पर कार्रवाई की जा सके। एआई की मदद से चलने वाला यह टूल कुछ ही सेकंड में ऑटोमेटिक तरीके से कोड लिखता है और उस पर अमल करता है, और फिर बिना प्रोसेस किए गए डेटा को जानकारी से भरी रिपोर्ट एवं डैशबोर्ड में बदल देता है, जो बेहद आकर्षक दिखता है। यह डेटा को अच्छी तरह समझने में लगने वाले समय को काफी कम कर देता है, जिससे अलग-अलग विभागों में निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेज़ी आती है। डेटा जिनी तेज़ी से और अधिक सटीक तरीके से मूल्यवान जानकारी प्राप्त करना संभव बनाता है, जिससे डेटा के आधार पर बेहद कम समय में निर्णय लेना आसान हो जाता है। यह ऑटोमेटिक तरीके से डेटा रिट्रीवल के साथ-साथ कागजी कार्रवाई को कम करके प्रक्रियाओं को बेहद आसान बना देता है, जिससे यूजर्स को सहज अनुभव प्राप्त होता है।

लॉन्च के मौके पर, दिव्या, डायरेक्टर ऑफ़ स्ट्रेटजी, केप्री लोन्स ने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा कि डेटा जिनी को पेश करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है, जिसे हमने पूरी तरह से इन-हाउस डेवलप किया है और इस से यह बात जाहिर होती है कि हम इनोवेशन के अपने इरादे पर अटल हैं। यह कदम हमारी लंबे समय की रणनीति का बेहद अहम हिस्सा है, जिसके तहत हम एडवांस्ड टेक्नोलॉजी को शामिल करेंगे और अपनी ज़रूरतों के अनुरूप तैयार किए अपने स्वामित्व वाले समाधानों के ज़रिये कारोबार के संचालन को बेहतर बनाएंगे। हम ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के साथ-साथ उन्हें उम्दा सेवाओं की पेशकश करना चाहते हैं, जिसके लिए हम अव्वल दर्जे की प्रतिभाओं में निवेश कर रहे हैं और इनोवेशन को सबसे ज्यादा अहमियत दे रहे हैं। आज के तेज़ गति वाले, डेटा पर आधारित माहौल में सटीक जानकारी की तुरंत उपलब्धता सबसे ज्यादा मायने रखती है। डेटा जिनी न केवल आंतरिक स्तर पर केप्री लोन्स के संचालन को बेहतर बनाता है, बल्कि ग्राहकों की उभरती मांगों को पूरा करने वाले अत्याधुनिक समाधान उपलब्ध कराने के कंपनी के मिशन को भी मजबूती देता है।

# पर्यटकों का मन मोह लेती है चंडीगढ़ की खूबसूरती

**बिज़नेस रेमेडीज/चंडीगढ़**



बात अगर शहरों की साफ सफाई की हो तो पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ का नाम सबसे पहले आता है। चंडीगढ़ बहुत ही व्यवस्थित है। वहां की गली और सड़कों को बहुत ही सुव्यवस्थित और आकर्षक तरीके से बनाया गया है। चंडीगढ़ को आजादी के बाद पहला प्लांड सिटी होने का दर्जा प्राप्त है। ये तो थी खूबसूरत शहर की बनावट की बात अब बात करते हैं चंडीगढ़ के टूरिज्म की, सबसे पहले तो इस शहर की शांति घूमने वाले लोगों को अपनी और आकर्षित करती है दूसरा यहां का फूड। अगर आप पंजाबी खाने का शोक रखते हैं तो आपको चंडीगढ़ का खाना स्वाद लगेगा।

## देवी के नाम पर पड़ा चंडीगढ़ का नाम

ये शहर हिन्दू धर्म में पूजी जाने वाली देवी चंडी के नाम पर पड़ा है। आप ऐसा भी कह सकते हैं कि ये शहर देवी चंडी को समर्पित है। चंडीगढ़ में उनके नाम से एक प्राचीन मंदिर भी है। जिसकी काफी मान्यता भी है। चंडीगढ़ भारत और एशिया के सुव्यवस्थित शहरों में से एक है इसलिए इसे द सिटी ऑफ ब्यूटीफुल भी कहा जाता है।

## रॉक गार्डन

चंडीगढ़ के सेक्टर 1 में बना रॉक गार्डन बेहद ही खूबसूरत गार्डन है। यह एक व्यक्ति के एकल प्रयास का असाधारण नमूना है। यह बहुत ही भव्य और आकर्षक है। रॉक गार्डन के निर्माता नेकचन्द्र एक मामूली से कर्मचारी थे वो दिन भर साइकिल पर टूटे फूटे कांच के सामान इकट्ठा करते थे जैसे चूड़ियां, प्लेट, बल्ब आदि। वो किसी भी बेकार वस्तु को दिन भर बीनते और यहाँ सेक्टर 1 में लेकर इकट्ठा करते। इन्हीं फेंकी हुई बेकार वस्तुओं से नेकचन्द्र जी ने अनेक और प्रभावित करने वाली आकृतियां बनाईं। आज ये आकृतियां देश-विदेश में लोकप्रिय हैं।

## पिंजौर गार्डन

पिंजौर का जिक्र आते ही हमारी आंखों के आगे एक स्थल का नक्शा तैरने लगता है जो इतिहास के आईने से तो झांकता ही है, प्रकृति भी जहां झूमती, गाती, खिलखिलाती मालूम पड़ती है। दिल्ली-शिमला राजमार्ग पर चंडीगढ़ से 22 किलोमीटर दूर शिवालिक पर्वतमालाओं से घिरा 'पिंजौर' मुगल बादशाहों का भी पसंदीदा स्थल रहा है और कई धार्मिक व ऐतिहासिक मान्यताएं भी इस स्थल से जुड़ी हैं। यहां बार-बार आने को मन करता है।

## सरकारी संग्रहालय और आर्ट गैलरी

गवर्नमेंट म्युजियम और आर्ट गैलरी देश के सबसे प्रसिद्ध संग्रहालयों में से एक है। इसकी खासियत है यहां मौजूद कलाकृतियों, पेंटिंग्स और मूर्तियों का कलेक्शन। यहां पहाड़ी, राजस्थान और गांधार की मूर्तियों पर बनी मिनिएचर पेंटिंग्स मिल जाएंगी। यह संग्रहालय 1948 में हुए देश के विभाजन से जुड़ी कई वस्तुओं को पेश करता है। 40 प्रतिशत वस्तुएं लाहौर के संग्रहालय से लाई गई हैं। 1968 में इस संग्रहालय का उद्घाटन हुआ। चंडीगढ़ के दिल में स्थित एक व्यापक क्षेत्र में फैले परिसर में यह संग्रहालय मौजूद है। संग्रहालय की चार प्रमुख शाखाएं हैं- आर्ट गैलरी, राष्ट्रीय इतिहास संग्रहालय, पोर्ट्रेट्स की नेशनल गैलरी और चंडीगढ़ आर्किटेक्चर म्युजियम।

## सुखना झील

सुखना झील भी चंडीगढ़ के सेक्टर 1 में स्थित है। यह झील शिवालिक पहाड़ की तलहटी में अप्राकृतिक रूप से बनाई गई है। इस झील में अनेक प्रकार की मछलियां भी हैं जिन्हें पकड़ने से पहले पर्यटन विभाग से अनुमति लेनी पड़ती है।

इस झील में पर्यटक नौका विहार का आनंद भी उठा सकते हैं। वाटर स्पोर्टस तथा अन्य जल क्रीड़ाओं के लिए भी यह उत्तम स्थल है।

# भारतीयों के साथ विदेशी पर्यटकों का भी मुख्य आकर्षक केंद्र है दिल्ली

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**



भारतीय पर्यटकों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों का भी प्रमुख आकर्षक केंद्र है दिल्ली। दिल्ली में एक पर्यटक के लिए वे सारी चीजें हैं, जिसके लिए एक पर्यटक सदा लालायित रहता है। यहां की संस्कृति से लेकर यहां की विविधता तक और कई ऐसे ऐतिहासिक राज जो शायद ही आप सबको पता होंगे। दिल्ली जो भारत की राजधानी और एक प्रमुख शहर है, यह इतिहास में छह ऐतिहासिक शहरों का गढ हुआ करता था। दिल्ली के कुछ प्रमुख जगह है जिनका शासनकाल इतिहास के पन्नों में आज भी शान से दर्ज है।

## किला राय पिथौरा

किला राय पिथौरा जिसे राय पिथौरा का किला भी कहते हैं एक दृढ शहर था। जिसे 12वीं शताब्दी में चौहानों के राजा, पृथ्वीराज चौहान ने बनवाया था। एक घमासान युद्ध में चौहान वंश ने इस शहर को तोमर राजवंश से जीतकर और फैलाया। इसके अंदर 8वीं सदी का पुराना लाल कोट किला भी शामिल है जिसे तोमर राजपूत शासक अनंगपाल तोमर द्वारा बनवाया गया था। आज भी इस शहर के कुछ चिह्न दिल्ली के साकेत, मेहरौली, किशनगढ़ व वसंत कुंज क्षेत्रों में हैं। सुरक्षा के लक्ष्य से बनाये गए किले के परिसर में पृथ्वीराज चौहान का पुतला आज भी शान से खड़ा है।

## मेहरौली

मेहरौली ने बहुत कुछ देखा है। इसने शुरुआती हिंदू राजाओं की राजधानी लालकोट को अपनी जमीन पर देखा, गुलामों के बादशाह बन जाने का अजूबा देखा और सारी बादशाहत को खाक बराबर समझने वाले कुतुब साहब जैसे दरवेश को भी देखा। सन 1192 में मोहम्मद गौरी द्वारा तराइन की दूसरी लड़ाई में पृथ्वीराज चौहान के खात्मे के बाद, मोहम्मद गौरी ने कुतुबुद्दीन ऐबक को देश का वाइसराय घोषित कर दिया, जिसके बाद सन 1193 में कुतुबुद्दीन ने पूरी दिल्ली को अपने अधीन कर लिया जो तब तक चौहान वंश के ही अधीन थी। सन 1206 ईसवीं में जब मोहम्मद गौरी का देहांत हुआ, कुतुबुद्दीन दिल्ली के राजसिंघासन पर विराजमान हो गया जिसके बाद दिल्ली मामलुकों या दास वंश की राजधानी बन गयी। दास वंश मुस्लिम सुल्तानों का सबसे पहला वंश था जिन्होंने उत्तरी भारत में राज करना प्रारम्भ किया। मुगल सल्तनत के आरम्भ होते ही कुतुबुद्दीन ऐबक ने सारे हिन्दू मंदिरों को ध्वस्त कर इस्लामिक रचनाओं का निर्माण करवाया जिसे उसने मेहरौली, दिल्ली के दूसरे शहर का नाम दिया।

## सिरी

कुतुबुद्दीन ऐबक के दास वंश को अल्लाउद्दीन खिलजी ने आगे बढ़ाया। खिलजी वंश के 6 शासकों में सबसे ज्यादा लोकप्रिय अल्लाउद्दीन खिलजी ने अपने वंश का विस्तार दक्षिण भारत तक किया व दिल्ली के तीसरे शेर सीरी का निर्माण किया। आज भी सिरी का किला जो मोठे पत्थरों की दीवार है, दिल्ली के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है।

## तुगलकाबाद

दिल्ली के चौथे शहर तुगलकाबाद के किले का निर्माण गियासुद्दीन तुगलक ने करवाया था। प्रकृति की गोद में निर्जन पहाड़ियों पर खड़ी भूरे अनगढ़ पत्थरों की टूटी दीवारों वाले तुगलकाबाद को वास्तुशिल्प की दृष्टि से एक दुर्ग के रूप में स्थापित किया गया था। यह किला दो भागों में बंटा है- दक्षिणी दीवारों के साथ-साथ नगर दुर्ग और महल इसका एक भाग है और इसके उत्तर में बसा नगर दूसरा भाग है। दक्षिण में, तुगलकाबाद के मुख्य प्रवेश द्वार के पास ही गियासुद्दीन तुगलक का मकबरा भी स्थापित है, जो लाल बलुई पत्थर से बनाया गया था।

## फिरोजाबाद

तुगलक शासकों में से एक, फिरोज शाह तुगलक ने कोटला फिरोज शाह या फिरोजाबाद को दिल्ली के पांचवें शहर के रूप में स्थापित किया। यह ऊंची दीवारों से युक्त महल, खंभों वाले बड़े-बड़े हॉल, मस्जिदों, कबूतर टावर व बावलियों का गढ़ है। किले के अवशेषों के साथ-साथ, जामा मस्जिद और अशोक स्तम्भ के बचे अवशेष भी फिरोजाबाद में स्थित हैं। फिरोज शाह कोटला, यमुना नदी के तट पर स्थित है। यह जगह अशोक के स्तंभ के कारण प्रसिद्ध है, जो एक तीन मंजिला संरचना है।

## शेरगढ़

शेरगढ़ आज पुराना किला के नाम से प्रसद्धि किला है जिसे शेर शाह ने बनवाया था। इस किले का निर्माण शेरशाह ने मुगलों के दूसरे राजा, हुमायूं से दिल्ली को छीनने के बाद करवाया था। यह दिल्ली के छठे शहर के रूप में विस्तरित हुआ। इसके अंदर एक मस्जिद है जिसमें दो तलीय अष्टभुजी स्तंभ है। कुछ साहित्यकारों के अनुसार यह किला इंद्रप्रस्थ के स्थल पर है जो पांडवों की विशाल राजधानी होती थी।

**हेल्थ। लाइफस्टाइल। एजुकेशन**

# एमिटी में इनोवेशन के माध्यम से ग्रीन एनवायरमेंट, टेक्नोलॉजी और उद्यमिता पर इंटरनेशनल कांफ्रेंस 11 सितंबर से

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर**

एमिटी यूनिवर्सिटी जयपुर के द्वारा 11 से 13 सितंबर को ग्रीन एनवायरमेंट, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता पर तीन दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस 'ग्रीन एनवायरमेंट टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रिन्योरषिप थ्रू इनोवेशन (आईसीजीईटीईआई)' का आयोजन किया जाएगा। कांफ्रेंस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षाविदो, शोधकर्त्ताओं, वैज्ञानिकों और उभरते हुए उद्यमियों को एक मंच पर लाने के साथ-साथ विचारों का आदान-प्रदान करना है। कांफ्रेंस में प्रौद्योगिकी और उद्यमिता के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देने में नवीनतम प्रगति और चुनौतियों का पता लगाने के लिए एक्सपर्ट्स और प्रतिभागी पार्टिसिपेट करेंगे।

तीन दिवसीय कांफ्रेंस का उद्घाटन रितनंद बलवेद एजूकेशन फाउंडेशन के प्रेजीडेंट डॉ. अशोक के. चैहान और एमिटी यूनिवर्सिटी जयपुर के चांसलर डॉ. असीम चैहान के द्वारा किया जाएगा। कांफ्रेंस को एमिटी यूनिवर्सिटी जयपुर के वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) अमित जैन के साथ प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ) जी.के. आसेरी भी संबोधित करेंगे। एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान के चांसलर और आईसीजीईटीईआई-2024 के मुख्य संरक्षक डॉ. असीम चैहान एक विशेष संबोधन देंगे, जिसमें वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए उद्यमशीलता की पहल के साथ हरित प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया जाएगा। सम्मेलन में एनआईटी सिक्किम के निदेशक प्रोफेसर (डॉ) महेश चंद्र गोविल सहित जाने-माने एक्सपर्ट्स अतिथि के रूप में शामिल होंगे। गेस्ट ऑफ़ ऑनर के रूप में आईईईई रिजन 8 (यूरोप, मध्य पूर्व, अफ्रीका) के निदेशक-निर्वाचित प्रोफेसर माइक हिंची और इंडियन कांउसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च, नई दिल्ली के सदस्य सचिव प्रोफेसर धनंजय सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम का समापन एआईसीटीई के चेयरमैन प्रोफेसर टीजी सीताराम के संबोधन से होगा, जो ग्रीन टेक्नोलॉजी के भविष्य, शिक्षा और उद्योग में इसकी भूमिका पर अपने विचार साझा करेंगे। आईसीजीईटीईआई-2024 का एक मुख्य आकर्षण स्मारिका का विमोचन होगा, जिसमें कार्यक्रम की कार्यवाही और योगदान की जानकारी मिलेगी। कार्यक्रम का समापन डॉ. युद्धवीर सिंह, कांफ्रेंस चेयर, एआईएआईए के संबोधन से होगा, जो सम्मेलन के सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त करेंगे। डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से होने जा रही आईसीजीईटीईआई-2024 की ऑर्गेनाइजेशन चेयर प्रोफेसर (डॉ.) मंजू कौशिक ने कांफ्रेंस की रूपरेखा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान स्कॉलर्स, शोधकर्ताओं, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और छात्रों को आईसीजीईटीईआई-2024 में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है।

# प्री-डायबिटीज को नियंत्रित करने के लिए पौष्टिकता से जुड़ी गाइड

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**



द लैंसेट में डायबिटीज एंड एंडोक्राइनोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार भारत में 13.6 करोड़ या आबादी का 15.3 प्रतिशत हिस्सा प्री-डायबिटीज के साथ जी रहा है। 2017 से लेकर अब तक इसमें काफी ज्यादा वृद्धि हुई है, जब आबादी का 6-15 प्रतिशत प्रीडायबिटिक था। भारत में प्री-डायबिटीज के बढ़ते मामलों के साथ, अपनी सेहत का ख्याल रखने के लिए सक्रिय कदम उठाना बेहद जरूरी है। स्वच्छ, समझदारी भरा भोजन, ब्लड शुगर के स्तर को बनाए रखने के लिए जरूरी है और ये प्री-डायबिटीज को पलट सकता है।

ब्लड शुगर डायबिटीज में बदले, इससे पहले ही इसे नियंत्रित करने के लिए डॉ. रोहिणी पाटिल, एमबीबीएस और आहार विशेषज्ञ ने अपने भोजन में कुछ जरूरी खाद्य पदार्थों को शामिल करना महत्वपूर्ण बताया है। अपने खानपान में बदलावों के अलावा, उन्होंने सक्रिय जीवनशैली अपनाने, अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से बचने और खाने के बाद टहलने जैसी नियमित शारीरिक गतिविधियों को करने की भी सलाह दी। इन सभी उपायों से ब्लड शुगर को बढ़ने से रोका जा सकता है।

प्री-डायबिटीज आहार में शामिल होने वाले खाद्य पदार्थ; बादाम में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, सेहतमंद फैट्स और फाइबर होते हैं, ये सभी ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। पिछले वर्ष डॉ. अनूप मिश्रा और डॉ. सीमा गुलाटी के प्रकाशित दो नए अध्ययनों में बताया गया कि अपने आहार में केवल बादाम को शामिल कर लेने से डायबिटीज का बोझ कम करने में मदद मिल सकती है। हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी और अमरनाथ में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम होती है और इनमें फाइबर उच?च मात्रा में होता है। इस वजह से ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने के लिए अपने खाने में इनको शामिल करना अच्छा विकल्प है। ग्रीक योगर्ट प्रोटीन और प्रोबायोटिक्स का एक अच्छा स्रोत है, जोकि पेट की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। इसमें मौजूद प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट के पाचन को धीमा कर देता है, जिससे रक्तधारा में शुगर धीरे-धीरे रिलीज होता है। लीन प्रोटीन जैसे मछली, चिकन, अंडे और फलियां ब्लड शुगर को नियंत्रित करने के लिए बेहद जरूरी हैं। मछली, खासकर सालमन जैसी वसायुक्त मछलियों में ओमेगा-3 फैटी एसिड भरपूर मात्रा में होता है, जोकि इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाता है। साबुत अनाज जैसे ब्राउन राइस, किनुआ और जौ में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है, जोकि शुगर के अवशोषण को धीमा कर देता है। इनका निम्न जीआई इसे ब्लड शुगर को नियंत्रित करने के लिए आदर्श विकल्प बनाता है। डॉ. पाटिल ऊर्जा को बनाए रखने और ब्लड शुगर के बेहतर नियंत्रण के लिए ओटमील से अपने दिन की शुरुआत करने या ब्राउन राइस को अपने भोजन में शामिल करने की सलाह देते हैं। यदि आप प्री-डायबिटिक हैं और दवाएं नहीं ले रहे हैं तो इसके लिए डॉ. पाटिल ने स्वच्छ भोजन की आदतों और इन खाद्य पदार्थों को अपने रोजाना के भोजन में शामिल करने की सलाह दी है।

# गोरखपुर में बनेगा फॉरेस्ट्री कॉलेज : सीएम योगी

**बिज़नेस रेमेडीज/ गोरखपुर/आईएएनएस**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज रेंज के भारीवैसी में स्थापित दुनिया के पहले जटायु राजगिद्ध (रेड हेडेड वल्चर) संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री योगी ने वन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि गोरखपुर में एक फॉरेस्ट्री कॉलेज बनाएं। जहां वन से संबंधित पढ़ाई के लिए डिग्री और डिप्लोमा के पाठ्यक्रम चलाए जाएं। इससे वन विभाग की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न पदों पर युवाओं को नौकरी मिल सकेगी। साथ ही यह फॉरेस्ट्री को विकसित करने और वन संरक्षण का बड़ा माध्यम भी बनेगा। उन्होंने केंद्र के निर्माण में योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि जब विकास प्रकृति और पर्यावरण को बचाकर किया जाएगा, तभी वह सतत विकास होगा। लंबे समय तक उसका लाभ मिलेगा। प्रकृति और पर्यावरण की कीमत पर होने वाला विकास क्षणिक और खतरनाक होता है। इसके दूरगामी परिणाम होते हैं। गिद्धराज जटायु के रामायणकालीन आख्यान का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पेस्टीसाइड के दुष्प्रभाव से पर्यावरण के संरक्षक गिद्धों की संख्या तेजी से घटी है। उनके संरक्षण के लिए यूपी और भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का पहला संरक्षण केंद्र कैम्पियरगंज में खोला गया है। इस केंद्र में वनटांगिया समुदाय के लोग भी केयरटेकर के रूप में नौकरी से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति और इसके जीवों को बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। आज हम जटायु संरक्षण केंद्र के माध्यम से अपनी वैदिक और पौराणिक परंपरा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रहे हैं। गिद्धराज जटायु धर्म और नई गरिमा की रक्षा के लिए रामायण काल के पहले बलिदानी थे। उन्होंने सीताजी के दुखभरे वचन को सुनकर ही जान लिया था कि यह आवाज रघुकुल तिलक श्रीराम की अर्धांगिनी की है। गिद्धराज जटायु राजा दशरथ के मित्र थे।

# मणिपाल यूनिवर्सिटी में अंतराष्ट्रीय हेकथान हैकएक्स के द्वितीय संस्करण का समापन, युवाओं में कोडिंग को लेकर नजर आया उत्साह

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर**




मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर मे देश विदेश से करीब 60 से अधिक विश्विद्यालय एवम संस्थानों से करीब 1100 युवाओं ने 317 टीम के रूप में हेल्थकेयर, फिनटेक, वेब3, साइबर सुरक्षा, ओपन इनोवेशन थीम पर आधारित करीब एक दर्जन समस्याओं का खोजा। कंप्यूटर साइंस एवम इंजीनियरिंग स्कूल, ई सेल एवम अटल इनक्यूबेशन सेंटर के तत्वावधान में आयोजित इस 36 घंटे लगातार चली दो दिवसीय हेकाथन में प्रतिभागियों में समाज से जुड़ी मूलभूत समस्याओं के रोचक एवम नवाचार आधारित समाधान खोजे। स्कूल के निदेशक प्रो संदीप चौरसिया ने सभी अतिथियों एवम प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए हैकथोंन के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही बताया कि ऐसे आयोजन में विचारो को बेहतर बनाने के लिए उद्योग विशेषज्ञों एवम कौशल सलाहकारों से जुड़ने का अवसर होता है साथ ही संभावित निवेशकों से मिलकर अपने आइडिया को स्टार्टअप के रूप में विकसित करने का भी एक सुनहरा मौका मिलता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मुख्य समन्वयक अधिकारी चंद्रशेखर बुद्धा ने युवाओं को टीम भारत एवम वसुधैव कुटुंबकम् के मूल मंत्र के बारे उदाहरण देकर भारत सरकार के विजन के बारे में बताया साथ ही साथ युवा उद्यमियों को भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले प्रोत्साहन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो एन एन शर्मा ने युवाओं को हमेशा समस्याओं को चुनौती के रूप में लेकर उसके समाधान खोजने एवम उन समाधानों को समाज हित में उपयोगी बनाने के लिए प्रेरित किया। कुलसचिव डा. नीतू भटनागर ने विश्विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में सभी को अवगत करवाया।

इंजीनियरिंग के डीन प्रो कुलदीप सिंह सांगवान ने प्रतिभागियों को विद्यार्थी जीवन की सफलता के मूल मंत्र साझा किए। कार्यक्रम में टीसीएस से विशाल दोषी, हितेन लुल्ला, यश रमानी ने अतिथि के रूप में शिरकत की। 36 घंटे लगातार आयोजित इस प्रतियोगिता में इंडस्ट्री से आमंत्रित अतिथिओ ने मूल्यांकन किया जिसके बाद विजेता टीमों को पांच लाख से ज्यादा मूल्य के नकद एवम पूल पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डा. नेहा चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।




# टेक्निकल चार्ट पर ब्रेकआउट आया 'क्रॉप लाइफ साइंस लिमिटेड' में

## वित्त वर्ष 2024 में कंपनी ने हासिल किया 200 करोड़ रुपए बिक्री का आंकड़ा

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर। अहमदाबाद आधारित 'क्रॉप लाइफ साइंस लिमिटेड' एग्रोकेमिकल फॉर्मूलेशन के निर्माण, वितरण और विपणन के व्यवसाय में संलग्न प्रमुख कंपनी है।कंपनी का शेयर कई दिनों से 40 रुपए से 55 रुपए की रेंज में कारोबार कर रहा था। कंपनी के शेयर ने यह रेंज पार कर ली है। इस लेख में कंपनी की कारोबारी गतिविधियां, नए उत्पादों का विवरण, ऑर्डर और वित्तीय प्रदर्शन, तकनीकी आउटलुक जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया है।**

### कारोबारी गतिविधियां

गौरतलब है कि 2006 में स्थापित, क्रॉप लाइफ साइंस लिमिटेड एग्रोकेमिकल फॉर्मूलेशन के निर्माण, वितरण और विपणन के व्यवसाय में लगी हुई है। कंपनी सूक्ष्म उर्वरक और कीटनाशक जैसे कृषि रसायन बनाती है जिसमें कीटनाशक, कवकनाशी, शाकनाशी और खरपतवारनाशी शामिल हैं। कंपनी की विनिर्माण इकाई जीआईडीसी अंकलेश्वर, गुजरात में स्थित है, जो 5831.10 वर्ग मीटर में फैली हुई है। कंपनी अपने उत्पादों को इंडोनेशिया, बांग्लादेश, मिस्र, म्यांमार, वियतनाम, सूडान और अन्य देशों में निर्यात करती है। क्रॉप लाइफ साइंस के उत्पाद केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड ('सीआईबी') के साथ पंजीकृत हैं और कृषि निदेशालय, गुजरात सरकार और गुजरात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ('जीपीसीबी') द्वारा अनुमोदित हैं। कंपनी के उत्पाद पोर्टफोलियो में 85 से अधिक कृषि-रसायन उत्पाद शामिल हैं। कंपनी प्रबंधन ने क्रॉप लाइफ साइंस लिमिटेड (सीएलएसएल) में वरिष्ठ प्रबंधन में कॉर्पोरेट व्यवसाय के वैश्विक प्रमुख के रूप में हिमांशु दिवेटिया का सम्मानित टीम में स्वागत करते हुए खुशी व्यक्त की है। कीटनाशक उद्योग में 39 वर्षों के शानदार करियर के साथ दिवेटिया कंपनी में विशेष रूप से कॉर्पोरेट और वैश्विक बिक्री और विपणन में ज्ञान व विशेषज्ञता लेकर आएं हैं। सीएलएसएल ने 5 करोड़ रुपए का एक बड़ा नया खरीद ऑर्डर हासिल कर लिया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि ग्राहकों द्वारा कंपनी के उत्पादों और सेवाओं पर जताए गए विश्वास और विश्वास को रेखांकित करती है।सीएलएसएल उत्कृष्टता के जुनून और ईमानदारी और नवीनता के साथ अपने ग्राहकों की सेवा करने के समर्पण से प्रेरित है। कंपनी की नेतृत्व टीम में हिमांशु दिवेटिया के शामिल होने, नए कीटनाशकों के लॉन्च और एक महत्वपूर्ण खरीद ऑर्डर के सफल अधिग्रहण के साथ, कंपनी भविष्य में और भी बड़ी सफलता के लिए तैयार हैं।

### कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन




वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी ने 132.03 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 4.07 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया था। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी ने 200.71 करोड रुपए का राजस्व एवं 6.01 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। इस आधार पर कह सकते हैं कि कंपनी के राजस्व एवं लाभ वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है।

### तकनीकी आउटलुक

गत वर्ष अगस्त माह में कंपनी का आईपीओ एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर 52 प्रति शेयर के भाव पर आया था। तब कंपनी ने 51,40,000 शेयर जारी कर 26.73 करोड़ रुपए जुटाए थे। वर्तमान में कंपनी के शेयर का भाव करीब 61 रुपए चल रहा है। तकनीकी रूप से देखें तो कंपनी का शेयर कई दिनों से 42 रुपए से 55 रुपए की रेंज में कारोबार कर रहा था। कंपनी के शेयर ने यह रेंज वॉल्यूम के साथ पार कर ली है। नीचे में 55 रुपए पर कंपनी को अच्छा सपोर्ट मिलना चाहिए और आने वाले कुछ दिनों में कंपनी का शेयर 55 से 70 रुपए की रेंज में चलना चाहिए और 70 रुपए को पार करने के बाद फिर से कंपनी के शेयर में नये स्तर आ सकते हैं।

### नए उत्पादों की लॉन्चिंग

नवाचार की निरंतर खोज में कंपनी ने विशेष रूप से घरेलू बाजार के लिए कई अभूतपूर्व उत्पादों को पेश किया है।

1. कार्पल (क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5% डब्ल्यू/डब्ल्यू एससी) चावल, गोभी, कपास, गन्ना, टमाटर, मिर्च, सोयाबीन, बैंगन, अरहर (लाल चना), बंगाल चना, काला चना, करेला, भिंडी, मक्का और मूंगफली फसलों में कीटों को नियंत्रित करने के लिए कार्पल की सिफारिश की जाती है। अपनी अनूठी क्रिया पद्धति के साथ, कार्पल विभिन्न कीटों के खिलाफ प्रभावी और दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करता है।
2. कार्पल सुपर (क्लोरेनट्रानिलिप्रोल 4.3% + एबामेक्टिन 1.7% एससी) कार्पल सुपर एक व्यापक-स्पेक्ट्रम संयोजन कीटनाशक है जो मिर्च की फसलों में थ्रिप्स माइट्स फल छेदक के खिलाफ लंबे समय तक चलने वाली और तेजी से मारक क्षमता प्रदान करता है। कार्पल सुपर विभिन्न प्रकार के कीटों के खिलाफ बेहतर प्रभावकारिता और लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है। इसके अलावा, 'कार्पल सुपर' कंपनी का पेटेंटेड उत्पाद है।
3. बायो प्रहार (एबामेक्टिन 1.9% ईसी): यह एक कीटनाशक और एसारिसाइड है, जो दो-धब्बेदार मकड़ी के नियंत्रण के लिए प्रभावी है। यह फसल को घुन, लाल मकड़ी घुन (टेट्रानीचुसुर्टिका) और अंगूर घुन से बचाता है।
4. कंपनी ने घरेलू बाजारों में बिक्री के लिए प्लांट ग्रोथ रेगुलेटर फेरामिटोज़ (अल्फा नेप्थाइल एसिटिक एसिड 4.5% एसएल) लॉन्च किया है।
5. कंपनी ने घरेलू बाजारों में बिक्री के लिए प्लांट ग्रोथ रेगुलेटर पॉवरकिन (पाक्लोबुट्राजोल 23% एससी) लांच किया है।
6.कंपनी ने घरेलू बाजारों में बिक्री के लिए इंसेक्टिसाइड फंटोनिल फिप्रोनिल 0.6% डब्लू/डब्ल्यू जीआर लांच किया है।

ये नवोन्मेषी उत्पाद कीट प्रबंधन के लिए बेहतर समाधान प्रदान करने, ग्राहकों को आसानी और आत्मविश्वास के साथ कीट-मुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए सशक्त बनाने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी की हेटबन स्पेकेम लिमिटेड में हिस्सेदारी 70 फ़ीसदी से अधिक हो गई है। हेटबन स्पेकेम लिमिटेड ने हाल ही में तकनीकी ग्रेड एग्रोकेमिकल्स उत्पादों के निर्माण के लिए लघु पैमाने की इकाई के रूप में गतिविधियां शुरू की हैं। अधिग्रहण, बैकवर्ड और फॉरवर्ड एकीकरण द्वारा, हेटबन स्पेकेम लिमिटेड ने उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला - कवकनाशी, शाकनाशी, कीटनाशक, पौधे विकास नियामक उत्पादों के निर्माता बनने के लिए भविष्य की ओर कदम बढ़ाया है।

तकनीकी ग्रेड एग्रो केमिकल्स और गुणवत्ता सेवाओं के लिए आवश्यक सभी तकनीकों के साथ हेटबन स्पेकेम लिमिटेड का विनिर्माण स्थल गुजरात के दहेज में है। यहां कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद तक उत्पादन के प्रत्येक चरण पर कड़ी निगरानी रखी जाती है और मानक बनाए रखा जाता है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों में इस कंपनी में कोई कारोबार नहीं हुआ है। अधिग्रहण के माध्यम से, क्रॉप लाइफ साइंस लिमिटेड (सीएलएसएल) नई उत्पाद श्रृंखला के निर्माण और राजस्व और लाभप्रदता में वृद्धि करके हेटबन स्पेकेम लिमिटेड की सुविधा का लाभ उठाने के लिए तैयार है।

यह अधिग्रहण विकास को बढ़ावा देने के लिए सीएलएसएल की बौद्धिक संपदा के साथ हेटबन की विनिर्माण क्षमताओं को एकीकृत करने के लिए एक रणनीतिक औचित्य और परिचालन योजना की रूपरेखा तैयार करता है।

**नोट: यह लेख निवेश सलाह नहीं है।**


# CROP LIFE SCIENCE LTD

Enrich Your Growth

Company's unit certified with International Standard
ISO 9001:2015 and ISO 14001:2015 for quality assurance.


Technical



Formulation


Fertilizers


Plant Growth regulators


Organic Products


Formulation Brand


Combination Products

ENRICH YOUR GROWTH

*Leading Manufacturer of wide range of insecticides, Fungicides, herbicides, Micro Feritilizers, Plant Grwoth Regulators & Soil Plant health Products.*

**Mission**
We help in improving of life for the world's population by supplying quality products that helps our farmers increasing yields and crop quality to satisfy global demand for food, feed, fibers and energy.

**Vision**
We create results for our customers supplying broad range of quality crop protection products. We strongly believe in "Value for Money".

**Values**
Integrity in all our thoughts and actions
Equality in our dealings with customers, employees and
Collaboration with clients, vendors and partners

*Corporate Office: 6th Floor, ABS Tower, Old Padra Road, Vadodara - 390 007, (Gujarat), India*
*Factory: Plot No. 5165-66 & 5151, GIDC Estate, Ankleshwar - 393 002 (Gujarat), India*
*website: www.croplifescience.com*


प्रकाशक एवं मुद्रक पुनीत जैन द्वारा सिंघवी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित एवं 217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक : पुनीत जैन मो. 9929106227, आर.एन.आई नं.: RAJHIN/2013/54166' पोस्टल रजि. नं. जयपुर सिटी/006/2024-26, E-Mail: remediesbusiness@gmail.com